दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। रविवार 29 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 10 अंक : 9 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह

## राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार, बेटी ने दी मुखाग्नि

### राहुल गांधी शव यात्रा में साथ आए, कंधा दिया















**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर को सेना की तोपगाड़ी पर दिल्ली के निगमबोध घाट लाया गया। यहां तीनों सेनाओं ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं।

मनमोहन की पत्नी गुरशरण कौर, बड़ी बेटी उपिंदर सिंह (65), दूसरी बेटी दमन सिंह (61) और तीसरी बेटी अमृत सिंह (58) निगमबोध घाट पर मौजूद थीं। परिवार ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की। बेटी ने मुखाग्नि दी। निगमबोध घाट में सोनिया, प्रियंका, राहुल और कांग्रेस के बड़े नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ भी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह की पार्थिव देह को सुबह 9:30 बजे उनके आवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया गया था। इसके बाद अंतिम यात्रा शुरू हुई। राहुल गांधी पार्थिव देह के साथ गाड़ी में बैठे थे।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था। वे 92 साल के थे। वे लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली अक्क्टर लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली।

**निधन 26 दिसंबर को:** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में गुरुवार रात निधन हो गया। उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अक्क्टर) लाया गया था। उनके निधन की खबर सुनकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे नेता अक्क्टर पहुंचे। यहां से मनमोहन की पार्थिव देह को उनके आवास ले जाया गया।

**27 दिसंबर को पैतृक गांव में श्रद्धांजलि:** मनमोहन सिंह के आवास पर उनकी पार्थिव देह के दर्शन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। उन्होंने मनमोहन के परिवार से भी मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, अअढ के संयोजक केजरीवाल ने भी मनमोहन को श्रद्धांजलि दी। पाकिस्तान के चकवाल जिले में स्थित मनमोहन के पैतृक गांव गाह में भी लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नमो भारत में सफर करने का आज वाला कार्यक्रम कैंसिल

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रीय शोक के चलते निरस्त किया गया कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों देश के 13वें प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के चलते 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। राष्ट्रीय शोक की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 29 दिसंबर को गाजियाबाद के साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन से आनंद विहार तक के सफर का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अधिकारियों और प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री का 29 दिसंबर को होने वाला कार्यक्रम स्थापित करते हुए उसे जनवरी में शिफ्ट कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि अभी जनवरी के प्रथम सप्ताह में होने वाले कार्यक्रम की तिथि फिक्स नहीं हुई है, पर जानकारी है कि यह पहले ही सप्ताह में हो जाएगा। बता दें कि बीते कई दिनों से पुलिस-प्रशासन और अन्य एजेंसियों के अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर तमाम तरीके की व्यवस्थाओं और आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए थे। तो वहीं शुक्रवार की शाम मेरठ मंडला आयुक्त सेल्वा कुमारी जे ने भी जिलाधिकारी गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ साहिबाबाद आरआरटीएस नमो भारत स्टेशन का निरीक्षण किया था।




### डेट अभी नहीं है फिक्स, पर जल्द आएंगे पीएम मोदी

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नमो भारत साहिबाबाद से लेकर आनंद विहार के नए संचालन का उद्घाटन कार्यक्रम जनवरी 2025 में प्रस्तावित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले सप्ताह में इस ड्रीम प्रोजेक्ट को दिल्ली तक शुरू कर सकते हैं। बता दें कि वर्तमान में नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद से मेरठ तक संचालित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो भारत ट्रेन की शुरूआत लगभग एक साल पहले गाजियाबाद के साहिबाबाद से ही की थी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में ही होगा लेकिन अभी डेट फिक्स नहीं हुई है। पीएमओ जल्द नया कार्यक्रम जारी करेगा।

### कई दिनों से तैयारी में जुटी हुई थीं एजेंसियां

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन और हिंडन एयरपोर्ट से लेकर पूरे मार्ग को सजाने, सुधारने और साफ सफाई का काम चल रहा था। शुक्रवार को बारिश होने के बावजूद भी नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और अन्य पुलिस बल अपनी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगा हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम को लेकर बाहर से आने वाले अधिकारियों का ड्यूटी चार्ट भी तैयार कर लिया गया था। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन हो जाने की वजह से अब देश में 7 दिन का राष्ट्रीय शोक है। जिसकी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद से आनंद विहार तक के सफर वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।




### शहर विधायक ने डाल दी फेसबुक पोस्ट



करंट क्राइम : शहर विधायक एवं महानगर भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने भी शनिवार को ही सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर दी है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को आगे कर दिया गया है। वहीं वो जल्द ही गाजियाबाद आएंगे, ऐसी संभावनाएं बनी हुई हैं।

# आरडीसी में सड़क पर गुंडाराज फैलाने वाले तीन गिरफ्तार, वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने लिया एक्शन

### आरोपी युवकों ने एक युवक के पिता हैं यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नए साल से पहले पुलिस जहां कानून-व्यवस्था को मजबूत करने का दावा कर रही है और शहरभर में चेकिंग पॉइंट बनाकर गुंडई करने वालों पर लगाम लगाने का संदेश दिया जा रहा है। इसके अलग कवि नगर थानाक्षेत्र में शुक्रवार की रात एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें कुछ युवक पार्किंग के विवाद में लड़ने और गुंडई को प्रदर्शित कर रहे हैं। इस वीडियो में युवक एक दूसरे को लाठीडंडों से मार रहे हैं, यह वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो इस मामले का पुलिस ने संज्ञान लिया। कवि नगर पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है की मुख्य आरोपी के पिता पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं और वर्तमान में एक पुलिस थाने के एसएसआई हैं। इस मामले में एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी आयुष, नितेश और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है। जिस जगह पर मारपीट की गई थी, वहां अन्य परिवार के लोग भी खड़े थे। पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है मारपीट का वीडियो



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कवि नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आरडीसी इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ युवक आपस में लड़ाई कर रहे हैं। एक युवक के हाथ में डंडा है, वह जमीन में गिरे दूसरे युवक पर एक के बाद एक डंडा चला रहा है। पुलिस का कहना है कि पूरा विवाद रेस्टोरेंट के बाहर कार पार्किंग करने को लेकर शुरू हुआ था, जो गालीगलौज और मारपीट में तब्दील हो गया। वहीं पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि आरोपी आयुष त्यागी के पिता उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं और एक जनपद में एसएसआई के पद पर तैनात हैं। उधर सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो का अधिकारियों ने भी संज्ञान लिया था। जिसके बाद तत्काल गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।



### पुलिस के न्यू ईयर सुरक्षा प्लान पर उठे सवाल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में सुरक्षा व न्यू ईयर प्लान को लेकर लगातार सख्ती के दावे किए गए हैं। वहीं लगातार फोटो भी जारी हो रहे हैं पर सवाल हो रहा है कि आरडीसी जैसे इलाके में सारेराह गुंडई की युवकों ने हिम्मत कैसे जुटाई। वैसे पुलिस ने मामले का संज्ञान आते ही कार्रवाई की है।

### शनिवार को पुलिस ने चलाया आरडीसी में चेकिंग अभियान

करंट क्राइम। शुक्रवार की रात आरडीसी इलाके में गुंडे का वीडियो वायरल होने के बाद शनिवार की शाम होते ही आरडीसी इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान शुक्रवार को जहां घटना हुई थी उसके आसपास पुलिस की गगश्त भी देखने को मिली है। वहीं पुलिस के अधिकारियों ने कहा है कि अब नए साल के अवसर पर प्रतिदिन देर रात तक चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। वही रील बनाने वाले और नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।



### आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका

# दिल्ली के एलजी ने दिए महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश






**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिला सम्मान योजना को लेकर विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। एलजी सचिवालय ने महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश दिए हैं। एलजी सचिवालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। डिविजनल कमिश्नर से जांच करने को कहा गया है। सचिवालय ने पुलिस कमिश्नर से कहा है कि वे उन लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई करें जो लाभ देने की आड़ में डेटा की गोपनीयता भंग कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने एलजी विनय कुमार सक्सेना से मिलकर दिल्ली सीएम महिला सम्मान योजना के तहत जारी रजिस्ट्रेशन की जांच कराने की मांग की थी। जिसके बाद दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने महिला सम्मान योजना के जांच कराने के आदेश मुख्य सचिव को दिए हैं।

### भाजपा इन योजनाओं को रोकना चाहती है: केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से दिल्ली के लोग खुश थे। भाजपा इन योजनाओं को रोकना चाहती है। भाजपा महिला सम्मान योजना से बौखला गई है। भाजपा वाले दिल्ली में पैसे बांट रहे हैं। मैंने कहा था कि चुनाव जीतने के बाद हम महिलाओं को 2100 रुपए देंगे और 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज देंगे। ये दोनों योजनाएं जनता के लिए इतनी फायदेमंद थीं कि लाखों लोगों ने पहले ही इनके लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया था। इससे भाजपा घबरा गई, कई भाजपा नेताओं ने मुझसे कहा कि जीतना तो छोड़िए, कई जगह भाजपा की जमानत जब्त हो जाएगी। पहले उन्होंने अपने गुंडे भेजे, फिर पुलिस भेजकर रजिस्ट्रेशन कैंप उखाड़ दिया, आज उन्होंने फर्जी जांच के आदेश दे दिए कि जांच होगी। किस बात की जांच होगी? हमने चुनावी घोषणा की थी कि चुनाव जीतेंगे तो इसे लागू करेंगे। मुझे खुशी है कि इस कदम से भाजपा ने साफ कर दिया है कि वे चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। आज उन्होंने बता दिया है कि अगर आप उन्हें वोट देंगे तो वे महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लागू नहीं करेंगे। वे बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा बंद कर देंगे, वे आपकी मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त इलाज और मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे।

### महिला सम्मान योजना को लेकर विज्ञापन में दी गई थी चेतावनी

इन योजनाओं को लेकर दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा है कि उसे मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट्स के माध्यम से यह जानकारी मिली है कि एक राजनीतिक पार्टी दिल्ली की महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत प्रति माह 2100 रुपये देने का दावा कर रही है। यह स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना अधिसूचित नहीं की गई है। यदि और जब ऐसी कोई योजना अधिसूचित की जाती है, तो महिला एवं बालविकास विभाग, दिल्ली सरकार पात्र व्यक्तियों के लिए एक डिजिटल पोर्टल लॉन्च करेगा, ताकि वे अनुमोदित दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकें। पात्रता की शर्तें और कार्यविधि विभाग द्वारा समय-समय पर स्पष्ट रूप से अधिसूचित की जाएंगी।

नोटिस में कहा गया है कि ऐसी कोई योजना अस्तित्व में नहीं है, इसलिए इस गैर- मौजूद योजना के तहत पंजीकरण के लिए फॉर्म/आवेदन के स्वीकार का सवाल ही नहीं उठता। कोई भी निजी व्यक्ति/राजनीतिक पार्टी जो इस योजना के नाम पर फॉर्म आवेदन एकत्रित कर रहा है या आवेदकों से जानकारी एकत्र कर रहा है, वह धोखाधड़ी कर रहा है और उसके पास कोई अधिकार नहीं है। नागरिकों को सावधान किया जाता है कि इस योजना के नाम पर व्यक्तिगत विवरण जैसे बैंक खाता जानकारी, वोटर आईडी कार्ड, फोन नंबर, आवासीय पता या कोई अन्य संवेदनशील जानकारी साझा करना सार्वजनिक डोमेन में जानकारी लीक होने का खतरा पैदा कर सकता है, जो अपराध/साइबर अपराध बैंकिंग धोखाधड़ी का कारण बन सकता है। इस स्थिति में नागरिक पूरी तरह से अपने जोखिम पर होंगे और उन्हें किसी भी तरह के परिणामों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### केजरीवाल ने की थी महिला सम्मान योजना की घोषणा

अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में हर महीने सरकार एक हजार रुपये भेजेगी। वहीं, केजरीवाल ने चुनाव के बाद महिलाओं को एक हजार की जगह 2100 रुपये देने की भी बात कही।

केजरीवाल का दावा है कि दोबारा आप की सरकार बनने पर यह राशि 2100 रुपये कर दी जाएगी। अरविंद केजरीवाल के मुताबिक, हर महिला के अकाउंट हर महीने कुछ पैसे डलवाने का वादा बीते मार्च में किया था। 18 वर्ष से अधिक उम्र की हर महिला को योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए महिलाओं को रजिस्ट्रेशन करना होगा।

# सीएम योगी ने महाकुंभ के लिए दिए आमंत्रण पत्र











**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में महाकुंभ 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बीच सीएम योगी आदित्यनाथ आज महाकुंभ मेले का निमंत्रण देने के लिए दिल्ली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें कुंभ मेले का निमंत्रण दिया। इसके अलावा सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की और मिजोरम के नवनियुक्त राज्यपाल जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह से मुलाकात की। योगी ने सभी को महाकुंभ के लिए आमंत्रित करते हुए प्रतीक चिह्न भी भेंट किया है। बता दें कि जनवरी माह में प्रयागराज 2025 महाकुंभ शुभारंभ होने जा रहा है।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने लुढ़काया पारा ठिठुरे लोग, ओले भी गिरे, येलो अलर्ट जारी



**नई दिल्ली।** राजधानी में बारिश से ठिठुरन बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह से शुरू हुई बारिश का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इससे कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशान भी होना पड़ा। ग्रेटर नोएडा में देर रात करीब दो बजे तेज बारिश के साथ ओले भी पड़े।

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली में 42.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वर्ष 1923 के बाद दिसंबर में इतनी ज्यादा बारिश पांचवीं बार दर्ज की गई। 13 दिसंबर, 2019 को 33.5 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। आरके पुरम में लगातार बारिश के कारण फुटपाथ का एक हिस्सा ढह गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी में शुक्रवार सुबह दिल्ली में मध्यम से तेज स्तर की बारिश हुई। इससे न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। हालांकि, अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 14.6 डिग्री रहा। इसमें 24 घंटे में 9.5 डिग्री की गिरावट आई। मौसम विभाग के प्रादेशिक मानक वेधशाला सफदरजंग में शाम साढ़े पांच बजे तक सबसे अधिक बारिश डीयू इलाके में रिकॉर्ड की गई, जबकि पूसा केंद्र में 35 मिमी, लोधी रोड में 34.2, पालम में 31.4, रिज में 30.4, सफदरजंग में 30.2 व आया नगर में 18.1 मिमी बारिश दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने दिल्ली में शनिवार को बारिश और रविवार व सोमवार के लिए कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान अधिकतम तापमान 15 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। इधर, स्मॉग के कारण दिन में ही बारिश के बीच अंधेरा छाया रहा। ऐसे में वाहन चालकों ने लाइट जलानी पड़ी। सफदरजंग में सुबह सात बजे के दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम केंद्र में सुबह साढ़े दस बजे तक दृश्यता 600 मीटर दर्ज की गई। इससे वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

# अलीगढ़ शहरवासियों को जल्द मिलेगा नया बस अड्डा, एयरपोर्ट के पास देखी जा रही जमीन




**अलीगढ़।** जल्द ही अलीगढ़ शहरवासियों को नया बस अड्डा मिल सकता है। इसी क्रम में अलीगढ़ एयरपोर्ट के पास चार एकड़ की जमीन देखी गई हैं। अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है। गांधी पार्क बस अड्डे से बसों का संचालन बंद होने के बाद परिवहन विभाग इस बस स्टैंड के मूल्य के बराबर जमीन शहर के बाहर देने की मांग कर रहा था। अब शासन स्तर से निर्देश मिलने के बाद जमीन तलाशी जा रही है।

पिछले दिनों परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू ने स्थानीय अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की थी। इसमें गांधी पार्क बस अड्डे से बसों का संचालन बंद होने और इसके अनुपयोगी पड़े होने का भी मुद्दा उठा। बताया गया कि शहर के पुराने हिस्से में बने गांधी पार्क की जमीन का मूल्य करोड़ों रुपये में हैं। इसी के बाद इस जमीन के बदले शहर के बाहरी हिस्से में जमीन चिह्नित करने की बात तय हुई।

इसके बाद रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय की ओर से उपजिलाधिकारी कोल को पत्र लिखा गया। इसमें कहा गया कि शहर के बस अड्डे की जमीन को विकास प्राधिकरण को स्थानांतरित कर दिया जाए। इसके बदले में शहर के बाहर भूमि बस स्टैंड के लिए उपलब्ध करा दी जाए। शासन से इस संबंध में निर्देश मिलने के बाद स्थानीय अधिकारियों ने जमीन तलाशने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में एक चार एकड़ का एक भूखंड धनीपुर क्षेत्र में एयरपोर्ट के पास देखा गया है।

**सैटेलाइट बस स्टैंड के रूप में होगा संचालन :** परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र कुमार वर्मा कहते हैं कि यहां बनने वाला बस अड्डा नया होगा। इसको सेटेलाइट बस स्टैंड की तरह संचालित किया जाएगा। यानी दूसरे शहरों से आने और जाने वाली बसें यहां से संचालित होंगी। बसें शहर के अंदर से होकर नहीं गुजरेंगी।

# राजघाट पर ही बने डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक : अखिलेश यादव

### सरकार ने अनुरोध को अस्वीकार कर दिया



**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ निगम बोध घाट पर हुआ।

उनके निधन पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दुख व्यक्त किया। साथ ही स्मारक बनाने को लेकर उठे विवाद में भी उनका बयान सामने आया है। अखिलेश ने कहा कि राजघाट पर ही उनका स्मारक बनना चाहिए।

सपा मुखिया ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की समाधि के संदर्भ में सम्मान की परंपरा का निर्वहन होना चाहिए। न इस विषय पर किसी राजनीति की आवश्यकता है, न होनी चाहिए।

**राजघाट पर ही बननी चाहिए समाधि :** उन्होंने आगे लिखा कि डॉ. मनमोहन सिंह की समाधि राजघाट पर ही बननी चाहिए। भाजपा अपनी संकीर्ण सोच का अनुचित उदाहरण प्रस्तुत न करे। इतिहास भाजपा को उसके इस नकारात्मक नजरिए के लिए कभी माफ नहीं करेगा।

स्मारक बनाने को लेकर कांग्रेस का आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर करने की मांग की गई थी, जहां उनका स्मारक बनाया जा सके। सरकार ने इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है।

# नए वर्ष में आगरा को मिलेगा प्रदेश की पहली फ्लैटेड फैक्टरी का तोहफा

### 125 करोड़ की लागत से होगी तैयार



**आगरा।** ताज ट्रेपेजियम जोन में प्रदूषण संबंधी बंदिशों के बीच नए साल की सुबह नई उम्मीदें लेकर आएगी। वर्ष 2024 में दायर एक याचिका में फिरोजाबाद की इकाइयों को गैस मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नई इकाइयों की स्थापना पर रोक से झटका लगा है। आगरा में नई औद्योगिक गतिविधियां पूरी तरह से ठप हो गईं। पुरानी इकाइयां ही उत्पादन में लगीं, जबकि नए स्टार्ट अप, नई इकाइयों को अनुमति ही बंद हो गई। ऐसे में नए साल में आगरा को बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है।

**125 करोड़ से बन रही चार मंजिला फ्लैटेड फैक्टरी :** फाउंड्री नगर में निमार्णाधीन फ्लैटेड फैक्टरी चार मंजिला है। यह 125 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही है। इसका ज्यादातर हिस्सा पूरा हो चुका है। नए साल में यह शुरू हो जाएगी। चार मंजिला परिसर में 200 से अधिक फैक्टरियां लगेंगी। एक ही छत के नीचे गैर प्रदूषणकारी इकाइयों को यहां शुरू किया जा सकेगा। यह प्रदेश की पहली फ्लैटेड फैक्टरी होगी। कानपुर में आगरा के बाद फैक्टरी का संचालन शुरू हो सकेगा। यहां गारमेंट, खाद्य प्रसंस्करण, प्रिंटिंग, हैंडलूम, चमड़े की कटिंग, इलेक्ट्रिक पंप, आईटी, सेवा आदि को जगह दी जाएगी। फैक्टरी में वाईफाई, लिफ्ट की सुविधा दी गई है।

**आईएमसी की बाधा होगी दूर :** अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे (एकेआईसी) के तहत आगरा में इनर रिंग रोड के पास 1,050 एकड़ में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनाया जाना है।

### रोकना है युवाओं का पलायन

नेशनल चैंबर के पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि नए उद्योग हैं नहीं, ऐसे में युवा शहर से पलायन कर रहे हैं। आईटी उद्योग, सोलर, गारमेंट समेत इकाइयां लगेंगी, तब हमारे शहर के बच्चों को रोजगार मिलेगा, अन्यथा यह बुजुर्गों का शहर बनकर रह जाएगा।

### खनन माफिया पर कार्रवाई से हड़कंप

# चार घंटे में 22 डंपर जब्त



**आगरा।** राजस्थान और मध्य प्रदेश के खनन माफिया सिंडिकेट चला रहे हैं। सदर क्षेत्र में पुलिस ने बृहस्पतिवार रात 4 घंटे चले अभियान में गिट्टी से भरे 22 डंपर जब्त किए। इनके पास उत्तर प्रदेश के लिए पास नहीं था। पुलिस से बचने के लिए नंबर भी छिपा दिए थे। माफिया के इशारे पर गूगल से लोकेशन लेकर माल तय स्थान पर पहुंचाने वाले थे।

एसीपी सदर विनायक भोसले ने बताया कि बृहस्पतिवार रात वह 11 बजे आगरा क्लब चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। तभी तीन डंपर आए। उनसे जाम लग रहा था। डंपर चालक पास नहीं दिखा सके। पीछे 3 और डंपर आ गए। सभी को रोक लिया गया। पता चला कि बड़ी संख्या में डंपर गिट्टी और बालू लेकर राजस्थान और मध्य प्रदेश से आगरा की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने ग्वालियर मार्ग पर कई जगह चेकिंग शुरू कर दी। बुंदू कटरा और रोहता नहर के पास 16 डंपर और पकड़े गए। खनन विभाग की टीम बुलाकर सभी सीज करा दिए गए। चालकों के चालान किए गए। खनन विभाग की तहरीर मिलने पर केस दर्ज होगा।

**व्हाट्सएप पर लोकेशन :** ग्वालियर और धौलपुर के खनन माफिया डंपर चालकों को हर चक्कर के 600 रुपये तक देते हैं। वाहन एक साथ निकलते हैं, रूट अलग-अलग होते हैं। सैंया टोल पार करने के बाद सरगना के गुर्गे एक कार में आगे चलते हैं, जिससे पुलिस की चेकिंग पर नजर रख सकें।

# झमाझम बारिश ने तोड़ा 33 वर्ष का रिकॉर्ड

### बारिश करीब 30.4 मिमी दर्ज की गई, नर्सरी से आठवीं तक के स्कूल बंद



**मेरठ।** हिमालय क्षेत्र पर बने नए पश्चिमी विक्षोभ का असर मैदानी क्षेत्रों में भी दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को पूरे दिन झमाझम बारिश हुई। दिसंबर में एक दिन बारिश ने पिछले 33 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बारिश 12 घंटे में करीब 30.4 मिमी दर्ज की गई है। शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया। फाल्ट के कारण आधे शहर को 11 घंटे तक बिजली नहीं मिली। लोग पीने के पानी को भी तरस गए। अगले 24 घंटे तक बारिश के आसार हैं। आज नर्सरी से आठवीं तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। शुक्रवार सुबह पांच बजे से लगातार बारिश हो रही है। दिन में भी कई बार अंधेरा छा गया, जिस कारण वाहन स्वामियों को भी लाइट जलाकर गुजरना पड़ा। मौसम कार्यालय पर अधिकतम तापमान 14.1 डिग्री व रात का न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही का कहना है कि आज भी मेरठ समेत आसपास में बारिश होने के आसार हैं। दो दिन तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश होगी।

**एक्यूआई में हुई बढ़ोतरी :** बारिश के बाद शुक्रवार को मेरठ के एयर क्वालिटी इंडेक्स में बढ़ोतरी हुई है। मेरठ का एक्यूआई 197 से 231 दर्ज किया गया। गंगानगर 243, जयभीमनगर 221, पल्लवपुरम 230, बेगमपुल 212, दिल्ली रोड 230 दर्ज किया गया।

**फसलों के लिए अच्छी है बारिश :** सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. आरएस सेंगर का कहना है कि इस समय बारिश से गन्ना, गेहूं, आलू, चना, सरसों, मटर, मूली आदि फसलों के लिए लाभकारी होती है। इस समय बारिश से बारिश के साथ नाइट्रोजन मिलती है, जो सिंचाई वाले जल से ज्यादा अच्छी रहती है।

**आज बंद रहेंगे नर्सरी से कक्षा आठ तक के स्कूल :** जनपद में हो रही बरसात व अत्यधिक ठंड होने के कारण नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के स्कूल 28 दिसंबर को बंद रहेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी के अनुसार, जिलाधिकारी द्वारा दिए निर्देश पर सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं अन्य बोर्ड से संबद्ध (नर्सरी से कक्षा 8 तक) विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक 0329/विज्ञापन/बी.ओ.टी./2024-25 दिनांक 28.12.2024

**रूचि की अभिव्यक्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में संचालित ट्रैफिक सिग्नलों के संचालन, अनुरक्षण एवं सुरक्षा हेतु प्रति ट्रैफिक सिग्नल ईकाई दर आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था/एजेन्सी उपरोक्त के सम्बंध में निविदा को उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हें दिनांक 07.01.2025 को अपरान्हः 03.00 बजे तक वेबसाईट से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 07.01.2025 सायं 04.00 बजे खोला जाएगा। धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) को वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य होगा।

विस्तृत निविदा सूचना / नियम व शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

प्रभारी विज्ञापन/बी.ओ.टी.
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# साहिबाबाद : एक दिन की बारिश में टूट गई सड़कें

# जगह-जगह हुए जलभराव से लोग रहे परेशान

## - कई जगह टूटी सड़कों पर फंसे वाहन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को दिनभर हुई बारिश के बाद सड़कों पर जगह-जगह जलभराव हो गया। वहीं टूटी सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान सरकार के गड्ढा मुक्त अभियान की भी पोल खुलजी हुई नजर आ रही है। शनिवार को दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह ने कई इलाकों का दौरा किया और सड़कों पर जलभराव और उनकी खस्ता हाल स्थिति की रिपोर्ट ली। इस दौरान कई स्थानों पर टूटी सड़कों पर जलभराव होने की वजह से आम लोग परेशान नजर आए। तो कई जगह वाहन फंसने से लोगों को परेशान भी होना पड़ा।

### ज्ञानी बॉर्डर पर हुआ जलभराव, आना-जाना रहा मुश्किल




करंट क्राइम : नगर निगम जहां सड़कों को दुरुस्त करने का दावा करता है और शासन की भी मंशा है कि सड़कें गड्ढा रहित हों लेकिन एक दिन की बारिश में ही टूटी सड़कों की पोल खुल गई है। जगह-जगह जलभराव हो गया और जलभराव होने से लोगों का जहां आवागमन प्रभावित हुआ। तो वहीं साहिबाबाद के दिल्ली से सटे इलाके ज्ञानी बॉर्डर में टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग पर जलभराव और टूटी सड़क होने की वजह से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं लोग डर के मारे टूटी सड़क पर सफर करने से भी डरते हुए देखे गए।

### साहिबाबाद जीटी रोड का भी है बुराहाल




करंट क्राइम : जीटी रोड पर भी बारिश होने के बाद के इफेक्ट नजर आए। साहिबाबाद थाने के निकट जगह-जगह सड़क टूट गई है। सड़क टूटी होने की वजह से जहां वाहन चालकों की रफ्तार थम गई, तो वहीं लोगों को भी जाम से दो-चार होना पड़ा। इसी के साथ टूटी सड़क पर जलभराव होने की वजह से आने-जाने में आसपास के लोगों को परेशानी हुई और वह मुख्य मार्ग से बचते हुए नजर आए। कुल मिलाकर नगर निगम सड़कों और उनके रखरखाव पर करोड़ों रुपए खर्च करता है लेकिन हल्की सी बारिश में ही उसकी सड़कें जवाब दे जाती हैं।

### साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की टूटी सड़कों पर हुआ जलभराव




करंट क्राइम : साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र आर्थिक रूप से बड़ा इलाका है। यहां की सड़क कई बार मरम्मत की गई हैं। उसके बावजूद भी सड़के हल्की सी बारिश में जर्जर हो जाती हैं। इसका खामियाजा यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को होता है। टूटी सड़कों पर वाहन चलाते वक्त जहां लोग डरे रहते हैं तो वहीं हादसा होने का भी उनको भय अंदर ही अंदर सताता है। इसके साथ ही जलभराव होने से आसपास के फैक्ट्री संचालकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

### इंदिरापुरम नीति खंड मार्ग पर भी गड्ढों की भरमार




करंट क्राइम : इंदिरापुरम इलाके को नगर निगम में हैंडोवर की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी यहां की सड़कें दुरुस्त नहीं हुई हैं। जिसका खामियाजा हल्की सी बारिश में स्थानीय लोगों को उठाना पड़ता है। शुक्रवार को दिनभर हुई बारिश के बाद शनिवार को जगह-जगह सड़क पर गड्ढों ने लोगों को आने-जाने में परेशान किया तो वहीं वाहन चालकों को भी दिक्कतें आईं।

### इंदिरापुरम में भी दिखा बारिश का साइड इफेक्ट




करंट क्राइम : इंदिरापुरम बेहद पॉश इलाकों में माना जाता है। यहां हाई राइज सोसायटियां हैं। इसके बावजूद टूटी सड़के यहां के लोगों के लिए परेशानी का सबब लंबे समय से रही हैं। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद कई जगह सड़क टूट गई और टूटी सड़कों पर जलभराव होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। वहीं महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों को भी सड़क पर चलने से डरते हुए देख गया है।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने दी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

## कहा- पूरे पंजाबी समाज को लेनी चाहिए उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा।





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे। वह एक बेहर विनम्र व्यक्तिव के मालिक थे और पूरे देश को उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। यहां पर पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने पंजाबी समाज को भी उनसे प्रेरणा लेने का आहवान किया। हिमांशु लव ने कहा कि स्व. मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर पंजाबी समाज को काम करना चाहिए। किसी तरह से खुद को मजबूत बनाना चाहिए औरप काम करना चाहिए यह सीखने की बात है।

उन्होंने कहा कि स्व. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पंजाबी समाज से थे यह हम सबके लिये गर्व का विषय है। वह पाकिस्तान से खाली हाथ आए थे और उन्होंने उच्च शिक्षा हासिल की। खुद को राजनीति के हर आयाम में स्थापित किया। वह देश के वित्त मंत्री रहे। वह भारती रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे और दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे। ये पूरे पंजाबी समाज के लिये एक नसीहत है और उन्होंने ये दिखाया कि योग्यता के आधार पर किस तरह से आगे बढ़ा जाता है। पूरे पंजाबी समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। हिमांशु लव ने कहा कि वह पूरे राष्ट्र की और हमारे पंजाबी समाज की शान थे।

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मुठभेड़ की हैट्रिक

## देहात में दो और नदिया पार में एक बदमाश हुआ पुलिस की गोली का शिकार

### - ट्रोनिका सिटी, लोनी और टीलामोड़ पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत बीते 24 घंटे के दौरान तीन थानाक्षेत्रों में पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हुई है।

इस दौरान पुलिस ने जहां ट्रोनिका सिटी में लूट में वांछित बदमाश को गोली मार के गिरफ्तार करने का काम किया है। तो वहीं देहात जोन में लोनी में गोकशी करने वाला आरोपी पुलिस की गोली के बाद गिरफ्तार हुआ है। इसके साथ ही टीलामोड पुलिस ने भी गोकशी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बीते 24 घंटों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक के बाद एक पुलिस के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हुई है, जिसका इशारा साफ नजर आ रहा है कि पुलिस साल बीतते बीतते भी जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रखे हुए है।

### देहात में दो बदमाश हुए पुलिस की गोली का शिकार





करंट क्राइम : स्वाट टीम ग्रामीण जोन ट्रोनिका पुलिस द्वारा लूट में वांछित चल रहे एक लुटेरे को गोली मारकर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अंकुर विहार क्षेत्र से लूट के मामले में वांछित चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी का नाम भूरा निवासी ट्रोनिका सिटी बताया गया है। युवक के पैर में गोली लगी है। वहीं देहात जोन की लोनी पुलिस ने गोकशी में वांछित चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि पकड़े गए बदमाश का नाम शेखर जाट उर्फ चंद्रशेखर है, जो मूलरूप से दोघट थाना बागपत का रहने वाला है। फिलहाल इंदिरापुरी थाना लोनी बॉर्डर में रह रहा था। पुलिस ने इसके कब्जे से चोरी की बाइक और हथियार भी बरामद किए हैं। इस पर दिल्ली और यूपी में गोकशी के कई मुकदमे दर्ज हैं।

### नदिया पार में टीलामोड़ पुलिस की भी हुई मुठभेड़



करंट क्राइम : अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत टीलामोड़ पुलिस ने कोयल एंक्लेव में एक मोटरसाइकिल सवार को तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसका नाम फिरोज है, बताया जा रहा है कि पुलिस ने इसके पास से चाकू रस्सी भी बरामद की है। साथ ही मोटरसाइकिल भी मिली है। यह आवारा पशुओं को काटकर उनकी तस्करी किया करता था। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने कहा है कि पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार फिरोज के अन्य मुकदमों की जांच की जा रही है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 65वें प्रांत अधिवेशन की गाजियाबाद में शुरूआत

## तीन दिवसीय सम्मेलन में छात्र शक्ति, राष्ट्र एकता, चरित्र निर्माण के मुद्दों पर होगा चिंतन मनन






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से राष्ट्रवाद की विचारधारा के साथ काम करता है। इसे भाजपा का अनुशांगिक संगठन भी माना जाता है और भाजपा में राजनीति की पाठशाला भी इसे कहा जाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 65वां प्रांत अधिवेशन शनिवार को गाजियाबाद में शुरू हुआ। तीन दिन तक यह अधिवेशन नेहरूनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित होगा। तीनों दिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्वागत समिति अध्यक्ष तथा भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सावंरिया ने करंट क्राइम से बातचीत में बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से चरित्र निर्माण, राष्ट्र निर्माण और संस्कारों की बात करता है। देश के निर्माण में छात्रों की अग्रणी भूमिका होती है। उन्होंने कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिन तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत अधिवेशन में छात्र शक्ति राष्ट्र एकता के विषयों पर चिंतन मनन होगा। उन्होंने बताया कि रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिशद के संयोजन में एक पदयात्रा भी आयोजित होगी। यह पदयात्रा कार्यक्रम स्थल शिशु मंदिर से शुरू होकर चौधरी मोड पर पहुंचेगी। जहां इस यात्रा का स्वागत होगा। सोमवार को प्रांत अधिवेशन का समापन होगा। प्रथम दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय रहे। इस सत्र में विशेष उपस्थिति अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष मंडावी की रही।

कार्यक्रम अध्यक्ष हरि प्रसाद गुप्ता रहे। इस अधिवेशन में स्वागत समिति के अध्यक्ष पद का दायित्व अनिल अग्रवाल सावंरिया को दिया गया है। स्वागत समिति महामंत्री अनिल गर्ग बनाये गये हैं। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष डॉ घनश्याम वत्स, प्रांत मंत्री गौरव गौड़ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कु प्रिया तिवारी भी मौजूद रहीं।

# सरकार बनाएगी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक, मनमोहन सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को एक दिशा प्रदान की : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार ने देश के पूर्व प्रधान मंत्री स्व. श्री मनमोहन सिंह जी का स्मारक बनाने और उसके लिए एक ट्रस्ट बनाने की घोषणा की है। इस आशय का एक पत्र देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे जी को और मनमोहन सिंह जी के परिवार को इस निर्णय से सूचित किया है। केंद्र सरकार की विज्ञप्ति के अनुसार अभी मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। केंद्र सरकार ने जैसे पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न श्री नरसिम्हाराव का स्मारक बनाया है , ऐसा ही स्मारक स्थल स्व. श्री मनमोहन सिंह जी का बनाया जाएगा।इसके लिए भारत सरकार की प्रशंसा की जानी चाहिए क्योंकि पूर्व सरकार ने दिल्ली में नेताओं के अंतिम संस्कार करने और स्मारक बनाने पर रोक लगा रखी थी।



**वे एक बड़े अर्थ शास्त्री थे। भारत में वे रिजर्व बैंक के गवर्नर, भारत सरकार के आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री रहे। नरसिम्हाराव राव के प्रधान मंत्रित्व में वे वित्त मंत्री थे और उसी काल में भारत की अर्थ व्यवस्था में उदारीकरण का दौर प्रारंभ हुआ जो अभी तक जारी है।**

**वे राजनेता नहीं थे, नौकरशाह थे। वे कभी लोकसभा का चुनाव नहीं जीते, प्रधान मंत्री रहते भी राज्य सभा के सदस्य रहे।**



बता दें कि भारत के पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह नहीं रहे। 92 वर्ष की आयु में कल रात दिल्ली के एम्स में उनका निधन हो गया । वे भारत के निरंतर 10 वर्ष ( 2004 से 2014 ) तक प्रधान मंत्री रहे। वे एक बड़े अर्थ शास्त्री थे। भारत में वे रिजर्व बैंक के गवर्नर, भारत सरकार के आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री रहे। नरसिम्हाराव राव के प्रधान मंत्रित्व में वे वित्त मंत्री थे और उसी काल में भारत की अर्थ व्यवस्था में उदारीकरण का दौर प्रारंभ हुआ जो अभी तक जारी है। देश के बहुत से लोग इसके लिए मनमोहन सिंह को इसका श्रेय देते हैं लेकिन सच्चाई ये है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव जी के प्रधान मंत्री रहते और उन्हीं की राजनैतिक इच्छा शक्ति से ये संभव हो पाया।

वे राजनेता नहीं थे, नौकरशाह थे। वे कभी लोकसभा का चुनाव नहीं जीते, प्रधान मंत्री रहते भी राज्य सभा के सदस्य रहे। वे मृदु भाषी और अल्पभाषी थे। लेकिन उनके प्रधान मंत्री के कार्यकाल में जो भ्रष्टाचार हुए और सरकार की प्रतिष्ठा में जो गिरावट आई वही 2014 में कांग्रेस के पराभाव का कारण बनी । उनके जीवन की कई ऐसी घटनाएं भी हैं जो उनके व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत हैं ।फिर भी उन्होंने भारत की अर्थ व्यवस्था को जो दिशा प्रदान की उसके कारण आज देश आर्थिक मजबूत स्थिति में खड़ा है।

## संपादकीय

# अच्छे और स्थिर रोजगार

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने असंगठित क्षेत्र के उपक्रमों का वार्षिक सर्वेक्षण जारी किया। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के बीच ऐसे छोटे असंगठित उपक्रमों की तादाद में इससे पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 13 फीसदी का इजाफा हुआ है। ऐसे रोजगार से मिलने वाली नौकरियां भी बढ़ी हैं लेकिन इसकी दर काफी कम रही है। इसे एक अच्छे संकेत के रूप में पेश किया जा सकता है क्योंकि नौकरियों में कोई भी इजाफा स्वागतयोग्य है। परंतु समेकित स्तर पर देखें तो इसे पूरी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेतक मानना मुश्किल है। खासतौर पर प्रतिष्ठानों और नौकरियों में जो इजाफा हुआ उसका अधिकांश हिस्सा ह्यओन अकाउंट एंटरप्राइजेजह्ल( ओएई) में हुआ जहां अनिवार्य रूप से एक व्यक्ति काम करता है या जो पारिवारिक दुकान होती है जहां बाहरी किसी व्यक्ति को काम पर नहीं रखा जाता है।

इस आंकड़े से कई सवाल पैदा होते हैं। पहला, इस बात में संदेह है कि यह अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर्शाती है या नहीं। छोटे कारोबारों में से कई असंगठित बने हुए हैं। ये न केवल कर और नियामकीय प्राधिकारियों की नजर से ओझल हैं बल्कि वे बड़े पैमाने पर होने वाले ऐसे सर्वेक्षणों में भी सामने नहीं आ पाते।

विगत एक दशक में अर्थव्यवस्था निरंतर संगठित हुई है। इसमें वित्तीयकरण के साथ-साथ वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य ढांचागत बदलावों की अहम भूमिका रही है। ऐसे में यह संभव है कि जो वृद्धि नजर आ रही है वह केवल सांख्यिकीय गणना भर हो और इसी संगठित होने को दर्शा रही हो। ऐसी सांख्यिकीय संरचनाएं पहले भी देखी गई हैं। उदाहरण के लिए कर्मचारियों के लिए बनी सरकार की अल्प बचत योजनाओं में निवेश करने वालों की संख्या में हाल के दिनों में इजाफा हुआ है। यह रोजगार में वास्तविक इजाफा दशार्ता है या केवल मौजूदा रोजगार संगठित हुए हैं, यह बहस का विषय है।

एक अन्य तथा अधिक गहन प्रश्न यह है कि यदि इस तरह के रोजगार बढ़े भी हैं तो इसे स्वस्थ अर्थव्यवस्था का संकेत माना जाए या अस्वस्थ। जैसा कि इसी समाचार पत्र में विशेषज्ञों ने कहा, रोजगार पर केंद्रित सर्वेक्षणों ने दिखाया है कि हाल के समय में शहरी रोजगार कम हुए हैं। काफी लंबे समय के बाद ऐसा देखने को मिला है। जबकि इस बीच कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़े हैं। इससे संकेत मिलता है कि एक विकासशील अर्थव्यवस्था में रोजगार निर्माण और वृद्धि के इंजन को जिस तरह काम करना चाहिए, शायद भारत में वैसा नहीं हो रहा है।

दूसरे शब्दों में कहें तो लोगों को कृषि से बाहर कहीं अधिक उत्पादक क्षेत्रों में काम करना चाहिए। अगर ऐसा है तो इन ओएई की संख्या को अर्थव्यवस्था में सुधार या वृद्धि का परिचायक नहीं माना जाना चाहिए बल्कि यह तो ऐसी खराब स्थिति का परिचायक है जहां लोग अपनी दुकानें खोलने को विवश हैं। यह काफी लंबे समय से देश के जीडीपी में असंगठित क्षेत्र की सेवाओं के दबदबे की परिभाषा रही है कि ऐसे छोटे, सेवा आधारित प्रतिष्ठान उन लोगों को नौकरियां देते हैं जो नियमित रोजगार नहीं हासिल कर पाते लेकिन जिनके लिए कृषि में भी कोई जगह नहीं होती है।

इससे यह मजबूत संकेत निकलता है कि सरकार को मझोले और बड़े प्रतिष्ठानों की वृद्धि सुनिश्चित करने की जरूरत है और इस काम को प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए। अच्छे और स्थिर रोजगार तभी हासिल हो सकते हैं जबकि ऐसे उपक्रमों का सामान्यीकरण किया जा सके। गैर निगमित क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को सही ढंग से बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्हें नीतिगत सहजता के रूप में भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और प्रशासनिक माहौल को भी अनुकूल बनाया जाना चाहिए। ताकि वे अधिक से अधिक कर्मचारियों को नियमित रूप से काम पर रख सकें।

# भारतीय स्टार्टअप को इस साल 12 बिलियन डॉलर से अधिक मिली फंडिंग




**नई दिल्ली, 28 दिसंबर।** भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को इस साल 12 बिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग मिली, जो पिछले साल के 10 बिलियन डॉलर से 20 प्रतिशत अधिक है। स्टार्टअप कवरेज पोर्टल आईएनसी42 की ह्यवार्षिक फंडिंग रिपोर्ट 2024ह्न के अनुसार, जहां लेट-स्टेज फंडिंग 25 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 7 बिलियन डॉलर से अधिक हो गई, वहीं ग्रोथ-स्टेज स्टार्टअप ने 282 सौदों में 3.5 बिलियन डॉलर हासिल किए।

रिपोर्ट के अनुसार, इस साल शुरूआती चरण के स्टार्टअप सबसे बड़े लाभार्थी रहे। शुरूआती चरण के स्टार्टअप ने संचयी रूप से 893 मिलियन डॉलर जुटाए, जो 433 सौदों में सालाना आधार पर 31 प्रतिशत अधिक था। फिनटेक सेक्टर ने 162 सौदों में 2.5 बिलियन डॉलर जुटाए, जबकि एंटरप्राइज टेक और कंज्यूमर सर्विस सेक्टर प्रत्येक ने 1.8 बिलियन डॉलर हासिल किए।

ट्रैक्सन डेटा के अनुसार, 2024 की दूसरी छमाही (जुलाई-दिसंबर) में, टेक स्टार्टअप्स को 540 फंडिंग राउंड में 5.32 बिलियन डॉलर मिले, जो कि 2023 की दूसरी छमाही से 8 प्रतिशत अधिक है, जहां 890 राउंड में 4.92 बिलियन डॉलर जुटाए गए थे। भारत के टेक इकोसिस्टम में 2024 में छह यूनिकॉर्न उभरे, जो 2023 में 2 यूनिकॉर्न की तुलना में 200 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो ने अकेले 2024 में तीन राउंड में लगभग 1.3 बिलियन डॉलर जुटाए। इस साल, 13 न्यू कंपनियों ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लॉन्च किए, क्योंकि स्टार्टअप्स ने कुल मिलाकर शेयर बाजार से 29,200 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए।

आईपीओ की बात करें तो 2021 में यह आंकड़ा 10, 2022 में छह और 2023 में छह रहा। स्टार्टअप आईपीओ में टीएसी सिक्योरिटी, यूनीकॉमर्स, मोबिक्विक, टीबीओ टेक, इक्सिगो, ट्रस्ट फिनटेक, फर्स्टक्राई, मेनहुड, ऑफीस, स्विगी, डिजिट इंश्योरेंस, ब्लैकबक और ओला इलेक्ट्रिक शामिल हैं। स्टार्टअप कंपनियों में सबसे बड़ा आईपीओ ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने 11,327.43 करोड़ रुपये में पेश किया। स्विगी के शेयर 7.69 फीसदी प्रीमियम के साथ 420 रुपये की कीमत पर शेयर बाजार में लिस्ट हुआ। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा अब तक कम से कम 157,066 स्टार्टअप को मान्यता दी गई है और पोर्टल पर 25 दिसंबर तक 759,303 यूजर्स रजिस्टर्ड हैं।

लेटेस्ट सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश में अब 73,000 से अधिक स्टार्टअप हैं, जिनमें कम से कम एक महिला निदेशक हैं, जिन्हें ह्यस्टार्टअप इंडिया पहलह्न के तहत मान्यता दी गई है।

### मजबूत अर्थव्यवस्था और लचीले बाजार के बीच

# FII इस साल भारत में शुद्ध निवेशक बने

मुंबई, 28 दिसंबर। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) इस साल अब तक भारत में शुद्ध निवेशक बने हुए हैं। बाजार पर नजर रखने वालों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था ने जबरदस्त लचीलापन दिखाया है। इस साल 27 दिसंबर तक एफआईआई ने एक्सचेंजों के माध्यम से 1,19,277 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों का हवाला देते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि इस बिक्री प्रवृत्ति के विपरीत, एफआईआई ने प्राइमरी मार्केट के जरिए 1,20,932 करोड़ रुपये का निवेश किया।



जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके. विजयकुमार ने कहा, ₹इसका मतलब है कि एफआईआई इस साल अब तक भारत में शुद्ध निवेशक हैं। एक्सचेंजों के माध्यम से बिक्री मुख्य रूप से हाई वैल्यूएशन के कारण है और प्राइमरी मार्केट के माध्यम से निवेश मुख्य रूप से फेयर वैल्यूएशन के कारण है।₹

अक्टूबर और नवंबर में एफआईआई की बिकवाली दिसंबर में कम हुई। दिसंबर की शुरूआत में एफआईआई द्वारा कभी-कभार खरीदारी की गई, लेकिन वे फिर से बिकवाली करने लगे, हालांकि वे अक्टूबर और नवंबर की तरह लगातार बिक्री नहीं कर रहे हैं।

# इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार सीमित दायरे में रहेंगे : रिपोर्ट



**मुंबई, 28 दिसंबर।** बैंकिंग और फार्मा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन ने आईटी सेक्टर में गिरावट की भरपाई करने में मदद की, क्योंकि महत्वपूर्ण कैटेलिस्ट की कमी के कारण भारतीय बेंचमार्क सूचकांक इस सप्ताह लगभग सपाट बंद हुए। इस सप्ताह मिड और स्मॉल-कैप शेयर भी सपाट नोट पर बंद हुए। शुक्रवार के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी पर फार्मा, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टर में खरीदारी देखी गई।

सेंसेक्स 226.59 अंक या 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,699.07 पर बंद हुआ और निफ्टी 63.20 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,813.40 पर बंद हुआ। वोलैटिलिटी इंडेक्स, इंडिया विक्स, 5.68 प्रतिशत घटकर 13.24 पर आ गया, जो बाजार में उतार-चढ़ाव में कमी का संकेत है। विशेषज्ञों ने कहा कि इस लेवल से ऊपर एक सस्टेनेबल मूव सूचकांक को 24,000-24,100 की ओर ले जा सकती है।

असित सी. मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड के ऋषिकेश येदवे ने कहा, नीचे की ओर, 23,500 एक प्रमुख सपोर्ट बना हुआ है। तत्काल अवधि में, निफ्टी के 23,500 और 23,900 के बीच कंसोलिडेट होने की उम्मीद है, जिसमें से किसी भी तरफ ब्रेकआउट इसके अगले कदम को परिभाषित करेगा।

एफआईआई आउटफ्लो और रुपये में गिरावट पर लगातार चिंताओं के साथ-साथ संभावित प्रतिकूल टैरिफ और 2025 में दरों में कटौती की कम उम्मीदों ने बाजार की सुस्त प्रवृत्ति में योगदान दिया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

लड़की - फूलवाले भैया, कितने का दिया ये गुलाब?
फूलवाला - 50 रुपये का एक गुलाब!
लड़की - इतना महंगा कैसे?
फूलवाला - माय लाइफ, माय रुल्स, माय रेट, माय फूल्स...!!!

पता नहीं वो कौन से लड़के होते हैं
जिनके सपनों में राजकुमारियां आती हैं...
मेरे सपने में तो मैं कभी मर जाता हूं या
दूसरों को मार देता हूं...!!!

किसी ने क्या खूब कहा है...
धूप पड़ी जब हीर पर,
पिघल गया श्रृंगार...
और रांझा उसको छोड़कर
भाग गया हरिद्वार...!!!

# इस वित्त वर्ष में 88 खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक की गई नीलामी : केंद्र



**नई दिल्ली, 28 दिसंबर।** केंद्र सरकार ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के दौरान 10 दिसंबर तक 88 खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। इस अवधि में केंद्र सरकार द्वारा चार चरणों में 24 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी पूरी की गई।

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) ने 609.54 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत के साथ 120 खनिज अन्वेषण और खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

खान मंत्रालय ने बताया कि एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन 12 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की रॉयल्टी दर को सही बनाने के लिए किया गया था।

पिछले सप्ताह, मंत्रालय ने भारत के अपतटीय क्षेत्रों में 13 खनिज ब्लॉकों को प्रदर्शित करने के लिए एक वेबिनार आयोजित किया, जिन्हें देश के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन) के भीतर विशाल समुद्री खनिज संपदा का दोहन करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल के तहत ई-नीलामी के लिए रखा जा रहा है। नीलाम किए जा रहे 13 अपतटीय खनिज ब्लॉकों में केरल तट से 3 कंस्ट्रक्शन सैंड ब्लॉक और गुजरात तट से 3 लाइम मड ब्लॉक शामिल हैं।

ग्रेट निकोबार द्वीप समूह से 7 अन्य पॉलीमेटेलिक और नोड्यूल्स और क्रस्ट ब्लॉक भी प्रस्तावित पहली किश्त का हिस्सा हैं। खान मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ई-नीलामी मंच के एमएसटीसी द्वारा वॉकथ्रू ने प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और बोली जमा करने के चरणों को शोकेस किया।

मंत्रालय ने कहा कि 7,500 किलोमीटर से अधिक समुद्र तट और 2.3 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैले ईईजेड के साथ, भारत हिंद महासागर में खनिज अन्वेषण के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है, जो आर्थिक विकास और स्थिरता लक्ष्यों का समर्थन करता है। चीन, जापान, नॉर्वे, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, पापुआ न्यू गिनी, नामीबिया अपतटीय खनन करने वाले प्रमुख देशों में से हैं। अपतटीय क्षेत्रों में प्रादेशिक जल, महाद्वीपीय शेल्फ, विशेष आर्थिक क्षेत्र और देश के अन्य समुद्री क्षेत्र शामिल हैं।

मंत्रालय को भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ), 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम स्थान (स्वर्ण) से भी सम्मानित किया गया।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमाते हैं वे अधिक दयालु, विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# हाईकोर्ट जाऊंगा, लिखित जवाब चाहूंगा कि मुझे खेल रत्न पुरस्कार क्यों नहीं मिल रहा: योगेश कथुनिया

**नई दिल्ली ।** दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता योगेश कथुनिया ने कहा कि वह खेल मंत्रालय से लिखित जवाब मांगने के लिए हाईकोर्ट जाएंगे कि प्रतिष्ठित सम्मान के लिए मानदंड पूरा करने के बावजूद उन्हें खेल रत्न पुरस्कार के लिए पात्र क्यों नहीं बनाया गया। टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में रजत पदक जीतने वाले पैरा डिस्कस थ्रोअर खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित न किए जाने से निराश हैं।

कथुनिया ने शनिवार को आईएएनएस को बताया, यह खेल मंत्रालय के साथ मामला है, लेकिन उन्होंने अभी तक मुझसे संपर्क नहीं किया है। यह स्पष्ट पक्षपात है, जिन खिलाड़ियों का पीआर अच्छा है, उन्हें पुरस्कार मिल रहा है। वे हमारे जैसे खिलाड़ियों की अनदेखी करते हैं। इस तरह का व्यवहार एक ऐसे एथलीट के लिए निराशाजनक है, जिसने अपने जीवन के आठ साल देश को दिए हैं। भले ही मैं अपने लिए खेल रहा हूं, लेकिन मैं भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। अगर मैं हारता हूं, तो भारत हारेगा और अगर मैं जीतता हूं, तो भारत जीतेगा। नवंबर 2021 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले कथुनिया ने खेल मंत्रालय से अपनी चूक के पीछे स्पष्टीकरण मांगने के लिए मामले को अदालत में ले जाने का मन बना लिया है।

कथुनिया ने कहा, मैं अगले साल का इंतजार नहीं करूंगा और हाईकोर्ट जाऊंगा और मामला दर्ज कराऊंगा। मेरे पास सबसे अधिक अंक हैं और मैं लिखित जवाब चाहता हूं कि मुझे यह क्यों नहीं मिल रहा है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर किया था और एथलीटों को खेल रत्न देने के मानदंडों पर सवाल उठाए थे।

पैरालंपिक में दो रजत पदक, पैरा-एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य तथा एशियाई पैरा खेलों में एक रजत सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक छह पदक जीत चुके कथुनिया अपनी उपलब्धियों के लिए मान्यता न मिलने से हैरान हैं।

उन्होंने इस सप्ताह की शुरूआत में एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा था, मैं आपको बताना चाहूंगा कि जब मैंने पुरस्कारों की सूची देखी, तो मेरा नाम सूची में नहीं था। अगर आप देखें, तो बहुत से लोगों को बहुत पहले ही खेल रत्न मिल चुका है, जिनके अंक इतने अधिक नहीं हैं। मैं 2-3 साल से लगातार आवेदन भर रहा हूं। मेरे पास विश्व चैंपियनशिप में तीन पदक, एशियाई खेलों में एक पदक तथा पेरिस पैरालंपिक और टोक्यो पैरालंपिक में एक-एक पदक हैं। तो, इस हिसाब से मेरे अंक भी बहुत अधिक हैं।

# एटकिंसन, मेंडिस, अयूब, जोसेफ आईसीसी पुरुष वर्ष के उभरते क्रिकेटर के लिए नामांकित

**दुबई ।** गस एटकिंसन (इंग्लैंड), कामिंडू मेंडिस (श्रीलंका), सैम अयूब (पाकिस्तान) और शमर जोसेफ (वेस्टइंडीज) को 2024 आईसीसी पुरुष वर्ष के उभरते क्रिकेटर के लिए नामांकित किया गया है।



गस एटकिंसन का शानदार उदय जुलाई में जेम्स एंडरसन के अंतिम टेस्ट में शानदार शुरूआत के साथ शुरू हुआ। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में 7/45 के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ खुद को स्थापित किया, इसके बाद दूसरी पारी में पांच विकेट लिए और 12/106 के साथ मैच समाप्त किया - पुरुषों के टेस्ट इतिहास में किसी डेब्यूटेंट द्वारा चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।

एटकिंसन ने तब से इंग्लैंड के अग्रणी तेज गेंदबाज के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट मैचों में 34 विकेट चटकाए हैं और न्यूजीलैंड में इंग्लैंड की ऐतिहासिक सीरीज जीत के दौरान 12 और विकेट जोड़े हैं।

श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स में 101 गेंदों में शतक जड़कर उनकी बल्लेबाजी का हुनर सामने आया, जिससे उनकी हरफनमौला क्षमताएं साबित हुईं। एटकिंसन की निरंतरता और मैच जीतने वाले स्पैल ने उन्हें एक बेहतरीन खिलाड़ी बना दिया है।

कामिंडू मेंडिस 2024 में श्रीलंका की बल्लेबाजी लाइनअप के आधार के रूप में उभरे हैं, उन्होंने सर डॉन ब्रैडमैन के सिर्फ 13 पारियों में 1,000 टेस्ट रन बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी की है। इस साल नौ टेस्ट मैचों में उनके 1049 रन, 74.92 के औसत से बने हैं, जिसमें पांच शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ मेंडिस के करियर की सर्वश्रेष्ठ 182 रन की पारी ने 2-0 की घरेलू सीरीज जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे श्रीलंका के आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान को मजबूती मिली। इंग्लैंड दौरे पर उनके प्रदर्शन ने, जहां उन्होंने 267 रन बनाए, श्रीलंका की इंग्लैंड में एक दशक में पहली टेस्ट जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से बनाए गए नाबाद 182 रनों ने सीरीज में जीत की नींव रखी।

पाकिस्तान के 22 वर्षीय सैम अयूब ने शीर्ष क्रम में अपनी निडर बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है।

# ऑस्ट्रेलिया एमसीजी में जीत की मजबूत स्थिति में है : बोलैंड

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने कहा कि उन्हें अब भी भरोसा है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतने के लिए मेजबान टीम मजबूत स्थिति में है।



तीसरे दिन, ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से प्रभावित दिन पर भारत के चार विकेट चटकाए, क्योंकि नितीश कुमार रेड्डी ने अपना पहला टेस्ट शतक लगाया और स्टंप्स तक 105 रन बनाकर नाबाद रहे। लेकिन खेल में दो दिन शेष रहते ऑस्ट्रेलिया के पास 116 रन की बढ़त है और मेजबान टीम की जीत से उन्हें 2-1 से सीरीज में बढ़त मिल जाएगी।

बोलैंड ने पोस्ट-डे प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम 116 रन से आगे चल रहे हैं, इसलिए हम काफी मजबूत स्थिति में हैं। जाहिर है, यह बेहतर हो सकता था, लेकिन मुझे लगता है कि टेस्ट मैच क्रिकेट में उतार-चढ़ाव ऐसे ही होते हैं। उम्मीद है कि कल सुबह हम पहला विकेट हासिल कर लेंगे और फिर अच्छी बढ़त हासिल कर लेंगे और देखेंगे कि उसके बाद खेल कैसा चलता है।"

बोलैंड, जिन्होंने 27 ओवर में 57 रन देकर 3 विकेट लिए हैं, का मानना है कि उनके साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क अपनी पीठ में चोट के कारण बाकी बचे मैच में गेंदबाजी करने के लिए ठीक रहेंगे। स्टार्क कई बार असहज दिखे और तीसरे दिन 25 ओवर में 86 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए।

वह ठीक हैं। उनकी पीठ या पसली में थोड़ी सी चोट थी, मुझे नहीं पता, कहीं पीछे की तरफ, लेकिन वह ब्रेक के बाद बाहर आए और 140 किमी/घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे, इसलिए मुझे लगता है कि वह ठीक रहेंगे।

मुझे लगता है कि वह जितने मजबूत हैं, उन्हें कम आंका गया है। कुछ साल पहले यहां मेलबर्न में उनकी उंगली टूट गई थी और हम उनके लिए बिल्कुल भी गेंदबाजी न करने की योजना बना रहे थे और फिर वे मैदान पर आए और 140 किमी/घंटा की रफ्तार से स्विंगर फेंकी।

वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो बहुत दर्द के बावजूद खेल सकते हैं और आप शायद यह इसलिए कह सकते हैं क्योंकि उन्होंने अब तक करीब 90 टेस्ट मैच (93) खेले हैं। एक तेज गेंदबाज के तौर पर, ऐसे बहुत कम मैच होते हैं, जिनमें आपको कोई परेशानी न हो। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो बहुत दर्द होने पर भी उसी गति से गेंदबाजी कर सकते हैं, जो कि एक बेहतरीन गुण है।

# रिकार्ड पांचवें फाइनल में हरियाणा स्टीलर्स से भिड़ेंगे पटना पाइरेट्स

**पुणे ।** रोमांच से भरे दूसरे सेमीफाइनल में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली केसी को हराते हुए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के फाइनल में जगह बना ली है। बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार रात को हुए इस मुकाबले में पटना ने दिल्ली को 32-28 से हराया। अब 29 दिसंबर को फाइनल में उसका सामना हरियाणा स्टीलर्स से होगा, जिसने सेमीफाइनल-1 में यूपी योद्धाज को हराया। पटना की जीत में अयान और देवांक (8-8 अंक) के अलावा डिफेंस से शुभम शिंदे (5), अंकित (4) और दीपक (3) का अहम रोल रहा। पटना के डिफेंस ने 9 के मुकाबले 12 अंक लिए। दिल्ली ने देर से ही सही रेडिंग में बेहतर करते हुए 16 के मुकाबले 17 अंक लिए। इसमें आशू (9) और मोहित (7) चमके। चौथे खिताब के लिए बेकरार पटना की टीम ने शुरूआती 10 मिनट में 8-3 की लीड बना ली थी। देवांक और अयान लगातार अंक ले रहे थे और डिफेंस भी खुलकर खेल रहा था। दूसरी ओर, दिल्ली के रेडर्स और डिफेंडर संघर्ष करते दिख रहे थे। एक समय दिल्ली ने स्कोर 3-4 कर दिया था ।



# नीतीश रेड्डी को पहले टेस्ट शतक के लिए मिली सचिन की सराहना

**नई दिल्ली ।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन भारत के युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी की उनके पहले टेस्ट शतक के बाद प्रशंसा की। रेड्डी की नाबाद 105 रनों की पारी की बदौलत भारत ने 358/9 का स्कोर बनाया और ऑस्ट्रेलिया से 116 रन पीछे रह गया। युवा खिलाड़ी के धैर्य से प्रभावित होकर तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर उनकी पारी की सराहना की, जिसने भारत को चौथे टेस्ट में मुकाबले में बनाए रखा।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, नितीश की यादगार पारी। उन्होंने मुझे पहले टेस्ट से ही प्रभावित किया है और उनका धैर्य और संयम पूरे टेस्ट में देखने को मिला है। आज उन्होंने इस सीरीज में एक महत्वपूर्ण पारी खेलकर अपने खेल को और बेहतर किया। वाशिंगटन सुंदर ने भी उनका शानदार साथ दिया। शानदार खेला!

नितीश कुमार रेड्डी ने ऐसे समय में बल्लेबाजी की जब भारत सुबह के सत्र में ऋषभ पंत (28) और रवींद्र जडेजा (17) के विकेट गंवाने के बाद 221/7 के स्कोर पर संघर्ष कर रहा था। बढ़ते दबाव से बेपरवाह, 21 वर्षीय खिलाड़ी ने अविश्वसनीय धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ पारी खेली, जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मजबूत गेंदबाजी लाइनअप के खिलाफ अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।



रेड्डी की पारी में 10 चौके और एक लंबा छक्का शामिल था, जिसमें सावधानी और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन देखने को मिला। उन्होंने पांच घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी की, लगातार भारत को मुश्किल से बाहर निकाला और सुनिश्चित किया कि टीम फॉलो-ऑन से बच जाए। वाशिंगटन सुंदर के साथ उनकी साझेदारी, जो आठवें विकेट के लिए 127 रन की थी, भारत की वापसी में अहम रही सुंदर ने 50 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया, उन्होंने अहम सहायक भूमिका निभाई, जिससे रेड्डी को पारी को संभालने का मौका मिला। दोनों ने मिलकर ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण को विफल किया।

# पंत के आउट होने पर झल्लाए गावस्कर

**मेलबर्न ।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में चल रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में ऋषभ पंत के हास्यास्पद तरीके से आउट होने की आलोचना की।



उन्होंने कहा कि यह ह्यबेवकूफी भरा शॉटह्व था। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने अपनी टीम को तब निराश किया जब उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करने की जरूरत थी। 56वें ओवर में स्कॉट बोलैंड के खिलाफ पंत ने फॉलिंग रैंप शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके पेट पर लग गई। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने फाइन लेग और थर्ड मैन में डीप फील्डर तैनात कर दिए थे, ताकि पंत के शॉट को दोबारा न खेल सकें।

# एशियाई सफलता के बाद, भारत के युवा भारोत्तोलकों की नजर राष्ट्रमंडल खेल 26 के लिए क्वालीफिकेशन पर

नईदिल्ली। भारत के पदक विजेता एथलीट दोहा में एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2024 में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद नए साल में उच्च स्तर पर पहुंचने का लक्ष्य बना रहे हैं, जहां भारत ने युवा और जूनियर श्रेणियों में 33 पदक जीते।

भारोत्तोलकों का अगला लक्ष्य ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए क्वालीफिकेशन है और राष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच और ओलंपियन मीराबाई चानू के मेंटर विजय शर्मा का कहना है कि दोहा का प्रदर्शन आशाजनक था और यह भारत के लिए उज्ज्वल भविष्य का संकेत देता है।

कतर में भारोत्तोलन प्रतियोगिता में 40 श्रेणियां शामिल थीं - युवा और जूनियर स्तर (20-20) पर 40 श्रेणियों में से प्रत्येक में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और समग्र वर्गों के लिए पदक प्रदान किए गए।



भारत के युवा (13-17 वर्ष) भारोत्तोलकों ने सात स्वर्ण सहित 21 पदक जीते। जूनियर (15-20 वर्ष) ने 12 पदक जीते। उत्तर प्रदेश की 16 वर्षीय ज्योशना सबर दोहा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक थीं। उन्होंने महिलाओं के युवा 40 किग्रा वर्ग में कुल 135 किग्रा वजन उठाकर एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इससे शर्मा के विचार फिर से पुष्ट हुए कि भारत की महिलाओं के पास अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने की अधिक संभावनाएं हैं।

खेलो इंडिया के जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को सामने लाने और फिर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संभावित विजेताओं के रूप में तैयार करने के मिशन को एक बड़ा बढ़ावा मिला, क्योंकि दोहा में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 पुरुषों और महिलाओं में से 22 खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) थे। पूरी टीम ने भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओईएस) एनआईएस पटियाला, इंफाल और औरंगाबाद में से एक में प्रशिक्षण लिया। एनआईएस पटियाला में भारोत्तोलन के लिए उच्च प्रदर्शन प्रबंधक अलकेश बरुआ ने कहा: इतने सारे युवा एथलीट होने से लंबे समय में मदद ही मिलेगी।

# ऐसा कभी नहीं हुआ कि भारतीय टीम के नंबर 8 और 9 बल्लेबाजों ने 300 से ज्यादा गेंदें खेली हों: इरफान पठान

**नई दिल्ली ।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान, पूर्व भारतीय क्रिकेटरों संजय मांजरेकर और इरफान पठान ने वॉशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी की शानदार पारियों का विश्लेषण किया और उनकी साझेदारी के महत्व को समझाया।



स्टार स्पोर्ट्स पर एक्सक्लूसिव बात करते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने वॉशिंगटन सुंदर और नितीश कुमार रेड्डी की साझेदारी के महत्व पर जोर देते हुए कहा, वह आधा मौका तब आया जब वॉशिंगटन सुंदर ने लेग साइड पर शॉट खेला क्योंकि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हो रही थी, बल्ले से एक निशान आया और स्मिथ स्लिप में तैयार खड़े थे। इसके अलावा जब आप इसे देखेंगे, तो यह बिल्कुल भी मौका नहीं था। सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि भारतीय टीम में नंबर 8 और 9 के बल्लेबाज ने 300 से ज्यादा गेंदें खेली हों, इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। यह शानदार साझेदारी ही कारण है कि भारत इस टेस्ट में अभी भी ज़िंदा है, क्योंकि अगर ये दोनों 300 गेंदें नहीं खेलते तो ऑस्ट्रेलिया हावी हो जाता।

पठान ने कहा, " हम इस बारे में बात कर रहे होते कि ऑस्ट्रेलिया चौथे दिन ही खेल खत्म करने के लिए कैसे उत्सुक होगा, लेकिन इन खिलाड़ियों ने स्थिति बदल दी। एक ने आक्रामकता और संयम के साथ खेला तो दूसरे ने धैर्य के साथ खेला। इन दोनों की जोड़ी काबिले तारीफ थी और इन दोनों के बीच विकेट के बीच दौड़ना कमाल का था। जैसे ही वे गेंद को हल्के हाथ से खेलते, वे दौड़ पड़ते और फिर लगातार बाउंड्री लगने लगती, वे लगातार स्ट्राइक रोटेट करते रहते।"

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भी नितीश कुमार रेड्डी की शानदार पारी के बारे में बात करते हुए कहा, दोनों (वाशिंगटन सुंदर और नितीश कुमार रेड्डी) टी20 क्रिकेट खेलते हैं। दरअसल, नितीश को उनकी फ्रेंचाइजी ने आईपीएल में रिटेन किया था, लेकिन टेस्ट क्रिकेट के लिए उनकी भूख अभी भी ज़िंदा है। आज ब्रेक के बाद उन्होंने 16 ओवर में 22 रन बनाए और उन्हें पता था कि वह अपना विकेट नहीं गंवा सकते। जिस तरह से वह गेंद को छोड़ रहे थे, जब मैं आधुनिक क्रिकेटरों में ये चीजें देखता हूं तो मुझे लगता है कि भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। "टेस्ट क्रिकेट हमेशा पुराने जमाने का फॉर्मेट लगता है ।

# मिचेल स्टार्क की हेल्थ पर आया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न में खेला जा रहा है। इस मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क तकलीफ में नजर आए।




शनिवार को दूसरे सत्र में उन्होंने कमर पकड़कर दर्द में अपना ओवर पूरा किया, जिसने ऑस्ट्रेलिया की चिंताएं बढ़ा दीं। अब स्टार्क के साथी खिलाड़ी ने उनकी फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया है। स्टार्क की हेल्थ पर आया बड़ा अपडेट दूसरे सत्र के 95 ओवर में स्टार्क काफी तकलीफ में नजर आए। उन्हें कमर को दबाते देखा गया। पूरा ओवर उन्होंने दर्द में ही पूरा किया।

# मेलबर्न में योद्धा साबित हुए नितीश कुमार रेड्डी

**मेलबर्न ।** बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट 159 और सात विकेट 221 रन पर गंवाकर गहरे संकट में फंसा हुआ था लेकिन नितीश कुमार रेड्डी ने नाबाद 105 रन बनाकर टीम इंडिया को संकट से बाहर निकाल दिया।

नितीश कुमार रेड्डी जब 97 के निजी स्कोर पर थे तब वॉशिंगटन सुंदर के साथ उनकी शतकीय साझेदारी टूट गई। अब सिर्फ.दो विकेट शेष थे और जसप्रीत बुमराह बल्लेबाजी के लिए आए थे। हालांकि अगले ओवर में स्ट्राइक रेड्डी के पास ही थी लेकिन स्कॉट बोलैंड के ओवर में सिंगल लेने का मौका मिलने के बावजूद उन्होंने सिंगल नहीं लिया।

रेड्डी का बुमराह में अधिक विश्वास ना दिखाने के पीछे बड़ी वजह थी कि वह अपने करियर का सबसे यादगार पल जीने से चूक सकते थे और अगले ओवर की तीसरी गेंद पर जब बुमराह आउट हुए तब भारतीय प्रशंसकों की सांसें थम गईं।



क्योंकि गेंदबाजी पैट कमिंस कर रहे थे और अभी उनकी तीन गेंदें बची हुई थीं। अब रेड्डी के शतक के लिए उम्मीद मोहम्मद सिराज की बल्लेबाजी पर निर्भर थी। मैदान पर रेड्डी के पिता भी मौजूद थे और उनके साथ पूरा भारत उनके बेटे के शतक का इंतजार कर रहा था। और करता भी क्यों नहीं? रेड्डी की इस पारी ने भारत के हाथ से फिसलते मैच को अपनी पारी और वॉशिंगटन के साथ 127 रनों की साझेदारी करते हुए वापसी की राह पर ला दिया था।

रेड्डी जब बल्लेबाजी करने आए तब दिन का पहले घंटा समाप्त होने के बाद ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा की जोड़ी पंत के अपरंपरागत शॉट खेलने के चलते टूट गई थी। जडेजा भी उनका ज्यादा साथ नहीं दे पाए और 221 पर सातवां विकेट गिर गया। अब भारत के सामने फॉलोऑन बचाने की चुनौती थी और भारत को अभी भी इसे टालने के लिए 84 रन का पीछा करना था।

# 14 साल बाद तीनों प्राधिकरण की एक आवंटन नीति: 8 हजार वर्गमीटर तक के औद्योगिक भूखंड ई नीलामी और इससे बड़े के लिए होगा साक्षात्कार



**नोएडा, करंट क्राइम।** 14 साल के लंबे इंतजार के बाद तीनों प्राधिकरण की औद्योगिक भूखंड आवंटन नीति एक समान हो गई है। इसके लिए मुख्य सचिव मनोज सिंह ने निर्देश जारी कर दिए गए है। अब इस नीति को बोर्ड में लाया जाएगा और लागू कर दिया जाएगा। इसके तहत 8000 वर्गमीटर तक के भूखंड अब नीलामी के जरिए आवंटित किए जाएंगे। इस आवंटन में ये सुनिश्चित किया जाएगा कि उद्योग लगाने वाले इंटरप्रिन्योर्स को भी भूखंड आवंटित किया जाए न की किसी प्रॉपर्टी डीलर को। 8000 वर्गमीटर से बड़े औद्योगिक भूखंड का आवंटन औब्जैक्टिव क्राइटेरिया के आधार पर साक्षात्कार के जरिए आवंटन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में मूल्यांकन और आवंटन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

दरअसल, पॉलिसी को एक बनाने के लिए कंसलटेंट कंपनी सार्क एंड एसोसिएट ने 35 अध्याय और 104 पेज की एक पॉलिसी तैयार की थी। इस पॉलिसी को ग्रेटरनोएडा के बोर्ड में रखा गया था। जिस पर मुख्य सचिव ने तीनों प्राधिकरण से अपने सुझाव मांगे थे। साथ ही एक प्रॉपर नीति तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा था। सीईओ नोएडा प्राधिकरण लोकेश एम ने बताया कि सुझाव को कंपाइल कर मुख्य सचिव को रिपोर्ट भेजा गया था। जिसके बाद शासन की ओर से ये निर्देश आए है।

दरअसल तीनों प्राधिकरण की औद्योगिक नीति को एक समान इसलिए किया गया क्योंकि ये एक ही गौतमबुद्ध नगर जिले का हिस्सा है। यहां आने वाले निवेशकों को कंफ्यूजन न हो। अक्सर देखा गया है कि समय के साथ तीनों प्राधिकरण निवेश के अनुसार अलग-अलग कई अधिसूचनाएं और आदेश जारी करते है। जिससे विशिष्ट मामलों के लिए सही नीतियों की पहचान करना कठिन हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप अक्सर अधिकारियों को समान स्थितियों के लिए अलग-अलग नियम लागू करने पड़ते थे। पॉलिसी को एक समान करने का प्रयास 2010 में शुरू किया गया। इसके तहत तीनों प्राधिकरणों में पात्रता मानदंड, पट्टे की शर्त, किराया संरचना और सभी प्रकार औपचारिकताओं को एक समान करना था। जिसे तीनों प्राधिकरण में एक समान लागू किया जा सके। 8,000 वर्ग मीटर तक के औद्योगिक भूखंडों के लिए कंपनियों की जांच के बाद ई नीलामी की जाएगी। स्क्रीनिंग समिति आवेदकों के तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी। यदि वे 60% अंक की सीमा को पूरा करते हैं। वे आवंटन प्रक्रिया में शामिल होंगे। ऐसे मामलों में जहां तीन या अधिक आवेदक किसी भूखंड में रुचि रखते हैं तो ई-नीलामी की जा सकती है। यदि तीन से कम पात्र बोली दाता आवेदन करते हैं। इस स्थिति में आवेदन फेज को दो बार बढ़ाया जा सकता है।

### पांच कंपनियां बना सकती है कंसोर्टियम

कंर्सोटियम में 10,000 वर्ग मीटर या उससे अधिक के बड़े भूखंडों के लिए आवेदक अधिकतम पांच संस्थाओं के साथ कंसोर्टियम बना सकते हैं। बशर्ते एक इकाई के पास मुख्य सदस्य के रूप में कम से कम 51% इक्विटी हिस्सेदारी हो। प्रत्येक कंसोर्टियम सदस्य को कम से कम 10% हिस्सेदारी बनाए रखनी होगी। समग्र वित्तीय योग्यताएं आनुपातिक रूप से पूरी होनी चाहिए। सभी कंसोर्टियम के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओए) होना आवश्यक है। जिसमें प्रत्येक सदस्य की भूमिका, उसकी वित्त जिम्मेदारी को पूरी तरह से साफ किया गया हो। आवंटन प्रक्रिया के दौरान कंसोर्टियम को लीज डीड निष्पादित करने के लिए भारत में पंजीकृत एक विशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीसी) बनानी होगी। एसपीसी पूरी परियोजना की जिम्मेदारी लेगी। परियोजना पूरी होने और प्रमाणित होने तक सभी सदस्य उत्तरदायी होंगे।

### 8000 वर्ग मीटर से अधिक के भूखंड

8,000 वर्ग मीटर से अधिक के औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया साक्षात्कार के जरिए होगी। जिसमें आवेदकों की एक स्क्रीनिंग समिति द्वारा पूरी तरह से जांच की जाएगी। जिसमें मानकों के अनुसार आवंटी को कुल 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना जरूरी होगा। इसमें सर्वाधिक योग्य और नंबर प्रतिशत हासिल करने वाले आवेदक को प्लॉट आवंटित किया जाएगा। यदि वो समय से प्लाट राशि का भुगतान नहीं करता तो उसकी पंजीकरण राशि के साथ आवंटन जब्त कर लिया जाएगा।

# नोएडा में रात को जमकर बरसे ओले

## चारों तरफ छा गई बर्फ की चादर
## लगातार बारिश के बाद मौसम हुआ ठंडा





**गौतम बुद्ध नगर, करंट क्राइम।** पहाड़ों में लगातार हुई बर्फबारी के चलते अब मैदानी इलाकों में भी मौसम बदल चुका है। इसका असर ग्रेटर नोएडा में भी देखने को मिला, जहां शुक्रवार से बारिश शुरू हुई लेकिन आधी रात में जमकर ओले भी गिरे। रात 1 बजे के बाद ग्रेटर नोएडा के कई इलाकों में जमकर ओले बरसे। ओले बरसाने की वजह से चारों तरफ बर्फ की चादर छा गई। ओले बरसाने के बाद अब ठंड भी बढ़नी शुरू हो गई है। आज भी ग्रेटर नोएडा में मौसम बारिश का बना हुआ है और सुबह से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। ग्रेटर नोएडा में ओले बरसने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। रात में यह वीडियो लोगों ने बनाया और उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया और बताया कि ग्रेटर नोएडा में किस तरह से ओले बरसे हैं। एक वीडियो नोएडा- ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे का है तो वही दूसरा वीडियो ग्रेटर नोएडा का है, दोनों ही वीडियो में दिख रहा है कि कितनी तेजी से लगातार ओले बरस रहे हैं।

# लूट वारदात में 4 बदमाशों ने बनाया था बंधक

## घर से तीन लाख कैश और जूलरी लूटी थी, 1000 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद हुई पहचान




**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा में सेक्टर-30 के बी-ब्लॉक में रहने वाले परिवार को बंधक बनाकर घर के अंदर लूटपाट करने वाले हथियारबंद बदमाशों की पहचान हो गई है। सेक्टर-8 स्थित बांस बल्ली मार्केट के चार युवकों की भूमिका इसमें सामने आई है। बदमाश लाखों की नकदी, आभूषण और महंगी घड़ी समेत अन्य सामान लेकर फरार हुए थे। पुलिस दो दिन के अंदर चारों बदमाशों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है। बदमाशों की तलाश में एसओजी, स्वॉट और सीआरटी समेत कुल आठ टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

### एक हजार सीसीटीवी फुटेज के बाद पहचान

एक हजार के करीब सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को पता चला कि एक बदमाश घर के बाहर खड़ा था। जबकि तीन बदमाश कारोबारी के घर के अंदर वारदात कर रहे थे। वारदात की योजना कई दिन पहले बनाई गई थी। चारों बदमाशों का घर बांस बल्ली में 200 मीटर की परिधि के अंदर ही बताया जा रहा है। कारोबारी के सिक्योरिटी गार्ड की वारदात में प्रत्यक्ष रूप से कोई भूमिका अभी तक सामने नहीं आई है। अंदेशा है कि वारदात के पहले चारों बदमाश सेक्टर-20 थानाक्षेत्र स्थित डीपीएस स्कूल के पास एकत्र हुए।

### रविवार रात को हुई थी घटना

रविवार रात सवा तीन बजे के करीब हथियारों से लैस तीन बदमाश सेक्टर-20 थानाक्षेत्र के बी-ब्लॉक स्थित बी-11 में घुसे और कारोबारी अमरदीप, उनकी पत्नी परविंदर कौर और बेटी गुर किरन को बंधक बनाकर नकदी और गहने लूट लिए। वारदात के बाद बदमाशों ने कारोबारी की गाड़ी में तीनों को बैठाया और एक्सप्रेसवे की तरफ ले गए। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस बदमाशों के पीछे लग गई। बदमाश पुलिस के सामने ही कारोबारी परिवार को बंधक बनाकर ले गए। नोएडा पुलिस के इनपुट जब सेंट्रल नोएडा पुलिस भी अलर्ट हो गई, तो बदमाश कारोबारी, उसकी पत्नी और बेटी को एक्सप्रेसवे पर ही छोड़कर फरार हो गए। कारोबारी खुद कार चलाकर घर पहुंचा और पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया। कार कारोबारी ही चला रहा था। उसकी पत्नी और बेटी भी कार के आगे की सीट पर बैठी थी।

## बच्चों के बीच हुई कहासुनी को लेकर दो पक्षों में विवाद

# एक महिला सहित दोनों पक्षों के 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर करंट क्राइम।** बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी को लेकर बीती रात दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने विकराल रूप धारण कर लिया। दोनों पक्षो के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ। जिसमें दोनो पक्षों के चार लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक महिला सहित दोनों पक्षों के 14 लोगों को नामजद किया है, ओर चार लोगो को गिरफ्तार कर लिया हैं बाकी की तलाश की जा रही है।

गांव त्योड़ी निवासी इनाम व सद्दाम के बच्चो के बीच दिन मे खेलते हुये कहासुनी हो गयी थी। कहासुनी के चलते दोनो पक्षो के परिजन आमने सामने आ गये ओर एक दूसरे पर लाठी-डंडो से हमला बोल दिया ओर छतो पर चढकर पथराव शुरू कर दिया, गांव में खलबली मच गयी। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी मे भी दोनो पक्ष भिड़ गये। यह देख पुलिस ने लाठियां भांज कर दोनो पक्षो के चार लोगो को गिरफ्तार कर लिया ओर घटना में घायल हुये चार लोगो को उपचार के लिये अस्पताल भेजा। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस सबंध में पुलिस की ओर से एक पक्ष के इनाम, भूरा कुरैशी, हामिद, कल्लू, सीनू, भुल्लन व दूसरे पक्ष के सद्दाम, अब्बास, साकिब, मुस्तफा, वसीम, फरदीन, आस मौहम्मद, महताब, शाहिन सहित 14लोगों को नामजद किया गया है, जिसमें से इनाम, भूरा कुरैशी व दूसरे पक्ष के सद्दाम, अब्बास को गिरफ्तार कर लिया हैं। शेष फरार चल रहे अभियुक्तों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

# प्रेस क्लब मोदीनगर का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

## दुर्घटना पर पत्रकारों के परिजनों को मिलेंगे 50 हजार रुपए





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** प्रेस क्लब मोदीनगर का शपथ ग्रहण समारोह बड़ी ही सादगी व सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। जिसमें शहर के वरिष्ठ पत्रकारों ने निर्वाचित व मनोनित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुये पत्रकारों की एकता पर बल दिया, साथ की अध्यक्ष ने पत्रकार के साथ दुर्घटना होने पर उसके परिजनों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की।

प्रेस क्लब मोदीनगर का शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह गोविन्दपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्रेस क्लब की निगरानी समीति के मुख्या व वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश शर्मा, अनिल वशिष्ठ, संजय तिवारी, राकेश शर्मा, ब्रहमपाल सिंह, अयूब खान, संजीव वर्मा, अनवर खान, व सतीश अग्रवाल आदि को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद निगरानी समीति के मुख्याओं व सरंक्षक चन्द्रशेखर त्यागी ने संयुक्त रूप से निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष अरूण वर्मा, महासचिव योगेश गुप्ता व उपाध्यक्ष हरभजन सिंह को पद व गोपनीयताप की शपथ दिलाई, इसके बाद अध्यक्ष अरूण वर्मा ने मनोनित पदाधिकारियों संगठन मंत्री दीपक त्यागी, सचिव बिजेन्द्र भारती, उपाध्यक्ष आकाश चैधरी, संगठन सचिव साजिद मसूरी, मीडिया प्रभारी शिवदेव, आकाश शर्मा उर्फ गोल्ड़ी, सचिव अजय सैन, प्रचार मंत्री अश्वनी त्यागी, सहसचिव दीपक सैन, उपाध्यक्ष संदीप चैहान, सचिव कोमल राघव आदि को शपथ दिलाई। इस दौरान अध्यक्ष अरूण वर्मा ने प्रेस क्लब के सदस्य की आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके परिवार को क्लब की ओर से 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दिये जाने की घोषणा की। मंचासीन मुख्य अतिथि ओमप्रकाश शर्मा, अनिल वशिष्ठ, संजय तिवारी, राकेश शर्मा व चन्द्रशेखर त्यागी आदि ने संयुक्त रूप से पत्रकारों की एकता पर बल दिया और सरकार से पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनायें जाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन योगेश गुप्ता ने किया। इस दौरान सुरेन्द्र गुप्ता, प्रशान्त नेहरा, देवेन्द्र वत्स, विनय अग्रवाल, विकास वर्मा, संजीव वर्मा, नीरज गुप्ता, राशू मलिक, मोहन लाल, गिरीश मिश्रा आदि पत्रकार मौजूद रहें।

# ताबड़तोड़ चाकू मारकर की गई शिवम की हत्या, मेरठ में भाजपा नेता के साले की हत्या मामले में पुलिस ने 4 लोगों को हिरासत में लिया





**मेरठ/सरधना, करंट क्राइम।** मेरठ में गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता सुनील शर्मा के तहेरे भाई के साले शिवम उर्फ भूरा की हत्या में गांव की 6 साल पुरानी रंजिश सामने रही है। शिवम को बेहद बर्बरता से मारा गया। उसे गोली नहीं बल्कि उसके चेहरे, शरीर पर कई जगह चाकूओं से ताबड़तोड़ वार कर मारा गया है। शिवम उर्फ भूरा के चेहरे, गर्दन, सीने पर चाकू से लगभग 18 वार किए गए हैं। शुक्रवार को शिवम का पोस्टमार्टम हुआ तो रिपोर्ट में सारी क्रूरता सामने आई। शिवम की लाश लहुलूहान हालत में नहर के पास झाड़ियों में मिली थी।

### डराने के लिए पहले फायर किए फिर मारे चाकू

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि शिवम को डराने के लिए कार में आए आरोपितों ने पहले फायरिंग कर उसे डराया। डरने के बाद शिवम बाइक से गिर गया। तो कार सवारों ने उसे उठाया और अगवाकर कार में ले गए। इसके बाद उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। सिर्फ डराने के लिए हत्यारोपितों ने फायरिंग की थी। हत्या करने के बाद उसका शव नहर में फेंकने की प्लानिंग थी, लेकिन शव किनारे पर झाड़ियों में अटक गया।

### ऑल्टो पर लिखा था अधूरा नंबर

जिस ऑल्टो कार से बदमाश शिवम को मारने आए जांच में सामने आया कि उस ऑल्टो पर अधूरा नंबर लिखा था। शिवम हापुड़ के पिलखुवा थाना क्षेत्र के गांव बड़ौदा हिंदुवान का मूल निवासी था। विनीत की राधना तिराहे पर खाद-बीज की दुकान है।

दुकान का संचालन शिवम ही करता था। शिवम गुरुवार शाम छह बजे दुकान बंद कर बाइक से अक्खेपुर लौट रहा था। शिवम के फूफा योगेंद्र की तरफ से बड़ौदा हिंदुवान के प्रधान तेजपाल और उसके साथियों को नामजद किया गया है। जो फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी तलाश में हापुड़, मेरठ से लेकर बिजनौर, आसपास के जिलों में लगी हैं। शिवम के घरवालों ने बाया कि दरअसल शिवम ने 6 साल पहले अपने साथियों के साथ मिलकर गांव में तेजपाल पर जानलेवा हमला किया था। तभी से तेजपाल शिवम का दुश्मन बन गया। क्योंकि इस हमले से तेजपाल को लगा कि उसकी प्रतिष्ठा कमजोर हो गई है। इसलिए उसने शिवम उसके साथियों को अपना दुश्मन मान लिया और बदले की आग में जल रहा था।

### 6 साल पुरानी रंजिश में हत्या

पुलिस जांच में सामने आया है कि तेजपाल ने ही छह साल पुरानी रंजिश में शिवम को मारा है। हालांकि अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है। शिवम की लाश फेंकने के बाद इसके बाद मोबाइल घर पर छोड़कर हत्यारोपित प्रधान तेजपाल फरार हो गया। पुलिस ने उसकी पत्नी, बहनोई व उसके दो रिश्तेदारों को हिरासत में लिया है। तेजपाल के डर से ही शिवम के घरवालों ने शिवम को बहन के घर मेरठ अक्खेपुर भेज दिया था। उसके बाद भी तेजपाल ने छह साल बाद अक्खेपुर से ही शिवम को उठवा कर हत्या कर दी। पुलिस की जांच में सामने आया कि तेजपाल पर पहले से छह मुकदमे दर्ज हैं। दो मुकदमे जानलेवा हमले के हैं। तेजपाल के मोबाइल की लोकेशन लगातार घर पर आ रही थी।

# हापुड़ में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

## 90 हजार नकद, लाखों के जेवर चोरों ने किए पार, एफआईआर दर्ज



**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ के कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला खाई में एक बंद मकान के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों की चोरी को अंजाम दिया। घटना के दौरान चोर घर से 90 हजार रुपए नकद और लाखों रुपए के आभूषण लेकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाई की मौत पर घर बंद छोड़ गए थे परिवार के सदस्य

मोहल्ला खाई के रहने वाले मोहम्मद अयूब ने बताया कि 27 दिसंबर को वे अपने परिवार के साथ भाई की मौत के सिलसिले में बुलंदशहर के शिकारपुर गए हुए थे। जाने से पहले उन्होंने घर के सभी दरवाजों पर ताले लगाए थे। उनकी गैरमौजूदगी में चोरों ने ताले तोड़कर मकान में प्रवेश किया। पीड़ित ने बताया कि जब वे देर शाम वापस लौटे तो घर के ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाने पर उन्हें पता चला कि चोर पहली मंजिल के कमरे से 90 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के गहने चुरा ले गए।

### पुलिस जुटी जांच में

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं और चोरों की तलाश शुरू कर दी है।




# खास इलाके पर इतनी सुस्ती क्यों

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में नए साल को लेकर विशेष चेकिंग अभियानों का दावा किया जा रहा है। सोशल मीडिया से लेकर पुलिस के ग्रुपों पर फोटो भी आ रही हैं पर लग नहीं रहा है कि इसको प्रमुखता से लिया जा रहा है। वैसे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के उस खास इलाके की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें ना तो कानून व्यवस्था का राज नजर आ रहा है और ना ही पुलिस की सख्ती दिखाई दे रही है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम और उससे पहले भी यह इलाका सबसे खास माना जाता था। यहां की पुलिसिंग सबसे बेस्ट रहती थी ,जिस चौकीक्षेत्र का यह पूरा मामला है वहां अधिकारियों की पैदल गश्त से लेकर तमाम तरीके के विशेष अभियानों की झलक दिखाई देती थी। बीते लंबे समय से इस इलाके की पुलिसंग सुस्त चल रही है। सूत्र बता रहे हैं कि उसी का नतीजा है कि सड़क पर खुलेआम कानून व्यवस्था तोड़ी जा रही है। बीते दिनों यहां के टू-स्टार बदले गए थे। पास के कमिश्नरेट से आए टू-स्टार ने आने के बाद क्या वर्किंग की और सर्चिंग पर कितना ध्यान दिया यह घटना बता रही है। ऐसा नहीं है कि इस इलाके में पहली बार कानून व्यवस्था को हाथों में लिया गया हो। यहां पहले भी बोली और गोली दोनों का आतंक देखने को मिला है। लग्जरी गाड़ियों के नियम तोड़ने वाले रील पहले भी पुलिस के लिए सर दर्द बने हैं। यह वह इलाका है जिसे दिल्ली का मिनी कनॉट प्लेस भी कहा जाता है, पर लंबे समय से यहां पुलिसिंग की व्यवस्था नजर नहीं आती रही है। इलाके में कभी इस क्षेत्र के अभियानों का असर होता था, पर चौकी वाले क्या कर रहे हैं, यह सवाल उनके शीर्ष अधिकारियों को अवश्य पूछना चाहिए। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि चौकी वाली कमान संभाल रहे, टू-स्टार पास वाले कमिश्नरेट से आए हैं। वह वर्क से ज्यादा मैनेजमेंट में लगे हुए हैं। हालांकि इस चौकी में तमाम ऐसे पुलिसकर्मी भी हैं, जो अपनी वर्किंग से पहचान बनाते हैं। पर नए साल की सुरक्षा और अभियान की जो बातें चल रही थी, उसपर वायरल वीडियो ने प्रश्न चिन्ह लगा दिए हैं। देखना होगा इस घटना के बाद अब पुलिस इस खास इलाके को लेकर कितना एक्टिव और अलर्ट होती है। साथ ही चौकी वाली टीम मैनेजमेंट को छोड़कर वर्किंग पर कितना ध्यान देगी। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई अधिकारियों के दबाव में तेजी से की है, पर वायरल वीडियो ने पुलिस की टेंशन अवश्य बढ़ाई है।



# किराए पर फ्लैट देने के बाद खुद ही चोरी करता था ब्रोकर, डॉक्टर साहब को चूना लगाना पड़ा भारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यदि आपने भी अपने फ्लैट को किराए पर देने के लिए चाबी ब्रोकर को दे रखी तो सचेत हो जाइए। ऐसा करना काफी नुकसानदायक भी हो सकता है। टीला मोड़ थानाक्षेत्र में एक ब्रोकर का कारनामा सामने आने के बाद तो यही लगता है। टीलामोड़ थाना पुलिस ने एक ऐसे ब्रोकर को गिरफ्तार किया है जो अब तक पांच फ्लैटों को किराए पर देने के बाद खुद ही उनमें चोरी कर चुका है। दरअसल, ब्रोकर फ्लैट की एक चाबी अपने पास रख लेता था और किराएदार परिवार के बाहर जाते ही वारदात को अंजाम दे डालता था।

### डॉक्टर के घर से चुराए गहने

गाजियाबाद कमिश्नरेट के टीला मोड़ थाना पुलिस ने ऑक्सिरिच सोसायटी में रहने वाले डॉ. विवेक भारती के घर से गहने चोरी होने के मामले में देवेंद्र शर्मा नाम के ब्रोकर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए साढ़े सात लाख के हीरे और सोने के गहने बरामद हुए हैं। डॉ. विवेक की पत्नी इंजीनियर हैं। 21 दिसंबर को वह परिवार के साथ मेरठ गए थे। 23 दिसंबर को लौटे तो घर में रखे गहने गायब मिले। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि मामले में इसी सोसायटी में रहने वाले ब्रोकर देवेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से डा. विवेक भारती के घर से चोरी किए गए साढ़े सात लाख के गहने बरामद हुए हैं।

# महिला को बदनाम करने का प्रयास, वीडियो वायरल की धमकी

## महिला ने बदनामी के डर से केमिकल पीकर जान देने का प्रयास किया, 2015 में हुई शादी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में 32 वर्षीय एक महिला की पुरानी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई। जिसमें महिला की यह वीडियो शादी से पहले की बताई है। महिला की शादी को भी 9 साल हो चुके हैं। पीड़िता ने ससुराल में बदनामी के डर से केमिकल पीकर जान देने का प्रयास किया। महिला एक अस्पताल में भर्ती है। महिला के पित ने खोड़ा थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर खोड़ा आनंद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि परिवार की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

32 साल की महिला खोड़ा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी की रहने वाली है। महिला की शादी 2015 में युवक से हुई थी। महिला को इंस्टाग्राम पर उसकी पुरानी वीडियो वायरल करने की धमकी मिली। जहां आरोपी युवक अलग अलग मोबाइल नंबरों से महिला को परेशान कर धमकी दे रहा है। जिससे महिला मानसिक रूप से परेशान है। महिला ने केमिकल पी लिया, पति का कहना है कि तेजाब पिया है, जबकि पुलिस की जांच में आया है कि केमिकल है। आरोपी लगातार महिला को परेशान कर रहा है। महिला का कहना है कि मेरी ऐसी कोई वीडियो नहीं थी, जहां उसकी वीडियो बताते हुए वायरल की बात कही जा रही है। वीडियो भी 10 से 12 साल पुरानी बताई गई है। महिला के 4 बच्चे भी हैं। महिला की हालत में सुधार है। इंस्पेक्टर खोड़ा का कहना है कि केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक, पेटीएम चालू करने के नाम पर खाते से 6.45 लाख उड़ाए

**धौलाना, करंट क्राइम।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के भोवापुर गांव के एक युवक से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। बैंक खाते में पेटीएम बारकोड बनाने के नाम पर ठगों ने युवक के खाते से 6.45 लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोवापुर निवासी बेगराज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पड़ोसी आकाश, जो पेटीएम बॉक्स बनाने का काम करता है, ने 11 नवंबर 2024 को उनके बैंक खाते से पेटीएम शुरू कराया था। बेगराज का आरोप है कि इसके बाद आकाश ने 10 दिनों के भीतर उनके बैंक खाते से 6.25 लाख रुपये निकाल लिए। इसके अलावा, आकाश के साथी रविंद्र ने 29 नवंबर को उनके खाते से 20 हजार रुपये और उड़ा लिए।

### बैंक में पासबुक एंट्री के दौरान हुआ खुलासा

पीड़ित ने बताया कि उन्हें खाते से पैसे निकालने की भनक तक नहीं लगी। 26 दिसंबर को जब वह बैंक पहुंचे और पासबुक की एंट्री कराई, तो इस बड़े फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को उजागर कर दिया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। किसी को भी अपने बैंक की जानकारी साझा न करें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना दें। बेगराज ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी गाढ़ी कमाई ठगों ने लूट ली। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर उनकी रकम वापस दिलाएगी।

# गाजा में फिर से वापसी कर रहे हमास के लड़ाके

## इस्राइली सेना ने कमाल अदवान अस्पताल के करीब किया हमला



**गाजा ।** इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने शुक्रवार को गाजा में कमाल अदवान अस्पताल के आसपास सैन्य कार्रवाई की है। दरअसल इस्राइली सेना को सूचना मिली थी कि गाजा के इस इलाके में हमास के लड़ाकों की वापसी हुई है और वे यहां आतंकी गतिविधि संचालित कर रहे हैं। सूचना के आधार पर इस्राइली सेना ने कमाल अदवान अस्पताल के पास छापेमारी की।

### अस्पताल से मरीजों को किया गया शिफ्ट

आईडीएफ ने कहा कि 'उसने नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए 'ऑपरेशन से पहले नागरिकों, रोगियों और चिकित्सा कर्मियों को सुरक्षित तरीके से निकालने में मदद की'। अस्पताल के मरीजों को गाजा के अन्य अस्पतालों में शिफ्ट कर दिया गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक मुनीर अल-बुर्श ने बताया, आईडीएफ ने 350 लोगों को कमल अदवान अस्पताल से नजदीक के स्कूल में जाने का आदेश दिया। इनमें 75 मरीज, उनके साथी और 185 चिकित्सा कर्मचारी शामिल थे।

### यमन से दागी गई इस्राइल पर मिसाइलें

आईडीएफ का कहना है कि यमन से इस्राइल की तरफ मिसाइलें दागी गई हैं। हालांकि इस्राइली सेना ने हवा में ही इन मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया। आईडीएफ ने यह स्पष्ट नहीं किया कि मिसाइल को रोकने वाला इजरायली सिस्टम था या अमेरिकी सिस्टम। अमेरिकी मिसाइल रक्षा प्रणाली बैटरी ने कल सुबह यमन से इजरायल पर दागी गई हौथी बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोका था। गौरतलब है कि अक्तूबर में इस्राइल में अमेरिका की रक्षा प्रणाली को तैनात किया गया था। आईडीएफ ने बताया कि हूती विद्रोहियों ने पिछले साल इस्राइल पर 200 से अधिक मिसाइलें और 170 ड्रोन दागे हैं। इस्राइल के साथ शांति चाहती है सीरिया की नई सरकार एक अमेरिकी मीडिया को दिए इंटरव्यू में सीरियाई नेता अहमद अल-शरा की ओर से दमिश्क के गवर्नर माहेर मरवान ने कहा है कि सीरिया की नई सरकार इस्राइल के साथ शांति चाहती है। गवर्नर ने कहा कि 'हमें इस्राइल से कोई डर नहीं है, और हमारी समस्या इस्राइल के साथ नहीं है। हम सह-अस्तित्व चाहते हैं।

## 2024 में अमेरिका में बेतहाशा बढ़े बेघर

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में वर्ष 2024 में बेघर होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर एक नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। शुक्रवार को जारी एक सरकारी रिपोर्ट में संभावना जताई गई है कि बेघरों की संख्या बढ़ने में मुद्रास्फीति



और उच्च आवास कीमतों का भी योगदान है। आवास और शहरी विकास विभाग की वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी 2024 में एक ही रात में लगभग 771,480 लोग बेघर हो गए, जो 2023 की तुलना में 18 फीसदी अधिक है। इसका मतलब है कि अमेरिका में हर 10,000 लोगों में से लगभग 23 लोग बेघर हैं। जनवरी 2021 की तुलना में औसत किराया 20 फीसदी बढ़ा नेशनल लो-इनकम हाउसिंग कोएलिशन के अनुसार, जनवरी 2024 के लिए औसत किराया जनवरी 2021 की तुलना में 20 फीसदी अधिक हो गया है।

## विदेशी कंपनियों को आकर्षित करें न कि उनके श्रमिकों को, एच1बी वीजा आवंटन पर निक्की हेली का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन ।** दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली अमेरिका में एच1बी वीजा आवंटन पर चल रही बहस में शामिल हो गईं। जबकि, अरबपति एलन मस्क, रिपब्लिकन नेता विवेक रामस्वामी और डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस के नीति सलाहकार के लिए नामित श्रीराम कृष्णन द्वारा वीजा कार्यक्रम का विस्तार करने को लेकर चर्चा की जा रही है हेली का बड़ा बयान निक्की हेली ने बताया कि दक्षिण कैरोलिना के गवर्नर रहते हुए राज्य में बेरोजगारी



दर 11 प्रतिशत से घटकर चार प्रतिशत हो गई थी, क्योंकि राज्य सरकार ने विदेशी कंपनियों को निवेश करने के लिए आकर्षित किया था, न कि उनके श्रमिकों को। उन्होंने बताया कि कैसे दक्षिण कैरोलिना के लोगों को नए रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अब लोग विमान और ऑटोमोबाइल जैसी चीजें बना रहे हैं।

### 'अमेरिकियों को हल्के में न लें'

उन्होंने अमेरिकी श्रमिकों में निवेश करने के महत्व पर जोर देकर कहा, 'अगर टेक उद्योग को कर्मचारियों की आवश्यकता है, तो हमारी शिक्षा प्रणाली में निवेश करें। हमारे अमेरिकी कर्मचारियों में निवेश करें। हमें पहले अमेरिकियों में निवेश करना चाहिए, फिर कहीं और देखना चाहिए। अमेरिकियों की प्रतिभा और आत्मा को कभी हल्के में न लें।'

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क और विवेक रामस्वामी द्वारा एच1बी वीजा कार्यक्रम के विस्तार के पक्ष में किए गए सोशल मीडिया पोस्ट ने ट्रंप के समर्थकों के बीच एक बहस को छेड़ दिया है कि इस कार्यक्रम को नए प्रशासन के आव्रजन एजेंडे में कैसे फिट किया जाए। कब मुद्दा गरमाया? यह बहस उस समय शुरू हुई जब ट्रंप ने रविवार को एलान किया कि वह श्रीराम कृष्णन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्हाइट हाउस के नीति सलाहकार के रूप में नियुक्त कर रहे हैं। कृष्णन को नवंबर में किए गए एक पोस्ट के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था, जिसमें उन्होंने कहा था, 'ग्रीन कार्ड के लिए देश-विशेष सीमा को हटाना / कौशल आधारित आव्रजन को अनलॉक करना बहुत बड़ा होगा।'

इसके बावजूद, डेविड सैक्स जैसे ट्रंप के करीबी सहयोगियों ने कृष्णन के रुख का बचाव किया, यह कहते हुए कि वह ग्रीन कार्ड के लिए देश-विशेष सीमा को हटाने की बात कर रहे थे, न कि सभी सीमाओं को समाप्त करने की।

आव्रजन 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। जबकि राष्ट्रपति-निर्वाचित ट्रंप ने दक्षिणी सीमा पर अवैध आव्रजन को समाप्त करने और बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान शुरू करने का वादा किया है, वर्तमान बहस कानूनी आव्रजन पर केंद्रित है, जो कभी-कभी नस्लवादी और विरोधी आप्रवासी दृष्टिकोण को उजागर करती है।

# तिब्बत पर चीन की तिरछी नजर

## लारुंग गार बौद्ध अकादमी में सैकड़ों सैनिक तैनात



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के सबसे बड़े तिब्बती बौद्ध अध्ययन केंद्र के रूप में पहचाने जाने वाले लारुंग गार बौद्ध अकादमी में चीनी सैन्यकर्मियों में काफी बढ़ोतरी देखी गई है, जो धार्मिक प्रथाओं पर गहन निगरानी और सख्त नियमों को दर्शाता है। सीटीए ने 20 दिसंबर को बताया कि तिब्बती खाम क्षेत्र में मौजूद करजे (चीनीः गंजी) के सेरथर काउंटी में अकादमी में लगभग 400 चीनी सैन्य कर्मियों को तैनात किया गया था, जो अब सिचुआन प्रांत का हिस्सा है।

इस तैनाती के साथ हेलीकॉप्टर निगरानी भी की गई, जो महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल की बढ़ी हुई निगरानी का संकेत है। नए साल से तमाम नियम लागू करने की फिराक में चीन सूत्रों के अनुसार, चीनी अधिकारी 2025 में लारुंग गार में नए नियम लागू करने की योजना बना रहे हैं। इनमें वहां रहने की अधिकतम समय 15 वर्ष तक सीमित करना और सभी भिक्षुओं और भिक्षुणियों के लिए अनिवार्य पंजीकरण लागू करना शामिल है। इसके अलावा, सरकार का लक्ष्य अकादमी में धार्मिक चिकित्सकों की संख्या को कम करना है, रिपोर्टों में कहा गया है कि चीनी छात्रों को संस्थान छोड़ने का निर्देश दिया जा रहा है।

### बौद्ध शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है लारुंग गार

1980 में स्थापित, लारुंग गार तिब्बती बौद्ध शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, जो हजारों भिक्षुओं और भिक्षुणियों को आकर्षित करता है। हालांकि, अकादमी को अक्सर चीनी अधिकारियों की तरफ से निशाना बनाया जाता रहा है। 2001 में और फिर 2016 और 2017 के बीच बड़ी कार्रवाई हुई, जिसके दौरान हजारों आवासीय संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया गया और चिकित्सकों को जबरन बेदखल कर दिया गया। सीटीए ने बताया कि इन कार्रवाइयों ने लारुंग गार की आबादी को आधा कर दिया।

## मनमोहन सिंह के निधन पर अमेरिकी पूर्व विदेश मंत्री राइस

**वॉशिंगटन ।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर अमेरिका, कनाडा समेत दुनियाभर के नेताओं ने शोक व्यक्त किया और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया।



भारत में आर्थिक सुधारों के जनक मनमोहन सिंह (92) का गुरुवार रात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। उनके परिवार में पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियां हैं। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस ने कहा कि मनमोहन सिंह ने अमेरिका-भारत संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने में मदद की। राइस ने दी श्रद्धांजलि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बारे में जानकर बहुत दुखी हूं, जो एक महान व्यक्ति और महान नेता थे। इन्होंने 2008 के ऐतिहासिक अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु समझौते के जरिए अमेरिका-भारत संबंधों को बुनियादी तौर पर नई ऊंचाई पर ले जाने में मदद की।' उन्होंने आगे कहा, 'डॉ. सिंह ने अपने राजनीतिक भविष्य को दांव पर लगाते हुए और फिर अपनी सरकार को नए सिरे से बनाते हुए उस समझौते को हासिल करने के लिए आवश्यक समर्थन प्राप्त किया, जो अंततः क्षेत्रीय भू-राजनीति की दिशा को बदल देगा और इसके दशकों तक दूरगामी प्रभाव होंगे। मैं इस बड़े नुकसान के लिए भारत के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

# खुद की परवाह किये बिना यात्रियों को बचाया

## सभी कर रहे मृत पायलटों की दिलेरी को सलाम

**नई दिल्ली ।** बीते बुधवार को कजाखस्तान में हुए भयावह विमान हादसे में 38 लोगों की मौत हो गई, जिनमें दोनों पायलट भी शामिल हैं। विमान में कुल 67 यात्री सवार थे जिसमें 29 यात्रियों को बचा लिया गया। हादसे में मारे गए दोनों पायलटों ने अपनी जान गंवाकर अन्य यात्रियों को बचाया, जिसके लिए अजरबैजान एयरलाइंस ने मृत दोनों पायलटों की वीरता की सराहना की है।

बता दें कि यह विमान, जो अजरबैजान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर 190 जेट 67 यात्रियों के साथ बाकू से ग्रोज्नी जा रहा था। खराब मौसम के कारण विमान को कजाखस्तान के अक्तौ शहर के पास आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी, जिससे ये बड़ा हादसा हुआ।



### एयरलाइन के अध्यक्ष ने की सराहना

एयरलाइन के अध्यक्ष समीर रजायेव ने पायलटों की वीरता की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके समर्पण और मानव जीवन को प्राथमिकता देने के कारण वे हमेशा के लिए याद रखे जाएंगे। जानकारी के अनुसार पायलटों ने 15,000 से ज्यादा उड़ान घंटे पूरे किए थे।

समाचार एजेंसी 'रॉयटर्स' ने भी रूस के विमानन वॉचडॉग की प्रारंभिक जानकारी के हवाले से कहा कि पायलट ने पक्षियों के टकराने के बाद लैंडिंग का फैसला किया।

इसके साथ ही कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि घटना के दिन ग्रोज्नी और आसपास के इलाकों में यूक्रेनी ड्रोन हमले हुए थे, जिसके कारण विमान प्रभावित हुआ हो। हालांकि मामले में जांच जारी है और विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है, जिसका विश्लेषण किया जा रहा है ताकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। हादसे के वीडियो पर एक नजर विमान हाएक वीडियो में देखा गया कि यात्रियों को विमान के पिछले हिस्से से बाहर निकाला जा रहा था, जो आमतौर पर दुर्घटना के समय सुरक्षित माना जाता है। विमान के पीछे की सीटों पर मृत्यु दर सबसे कम (32%) थी, जबकि अन्य सीटों पर यह दर ज्यादा थी।

### शुरूआती जांच में सामने आई थी ये बात

समाचार एजेंसी 'इंटरफैक्स' के मुताबिक, विमान के कंट्रोल सिस्टम और बेक-अप सिस्टम के फेल होने के बाद पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग का फैसला किया। विमान से एक पक्षियों का झुंड टकराया, जिसके बाद पायलट ने अक्तऊ हवाई अड्डे पर विमान की आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश की

# जलवायु परिवर्तन से इस साल दुनिया में 41 दिन अधिक पड़ी भीषण गर्मी

**वॉशिंगटन ।** दुनिया में 2024 में जलवायु परिवर्तन की वजह से भीषण गर्मी के दिनों में औसतन 41 दिन की वृद्धि हुई है। इसकी वजह मानव-जनित जलवायु परिवर्तन रहा। यही नहीं, 2024 में जलवायु परिवर्तन के चलते चरम मौसम की घटनाओं ने विश्वभर में 3,700 से अधिक लोगों की जान ली और लाखों लोगों को विस्थापित किया है। यह खुलासा वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्ल्यूडब्ल्यूए) और क्लाइमेट सेंट्रल के वैज्ञानिकों ने किया है।

वैज्ञानिकों ने पाया कि जलवायु परिवर्तन ने इस साल के अधिकांश वक्त चरम मौसम की घटनाओं को और अधिक गंभीर बना दिया। बढ़ते तापमान के साथ 2024 अब तक के सबसे गर्म साल में से एक के रूप में चिह्नित किया गया है। डब्ल्यूडब्ल्यूए



चीफ जलवायु वैज्ञानिक फ्रेडरिक ओट्टो ने कहा कि जलवायु परिवर्तन ने हीटवेव, सूखे, उष्णकटिबंधीय तूफानों और भारी बारिश की तीव्रता और आवृत्ति को बढ़ा दिया है। इसके कारण लाखों लोगों की जान और आजीविका पर असर पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल नहीं घटाया गया, तो यह परेशानी और भी गंभीर हो जाएगी।

**कुछ देशों ने 150 दिनों से अधिक की खतरनाक गर्मी देखी:** वैज्ञानिकों के मुताबिक, 2024 में जलवायु परिवर्तन ने 29 में से 26 अत्यधिक मौसम की घटनाओं जैसे बाढ़, तूफान और सूखे को अधिक गंभीर बना दिया। गर्म समुद्री जल और गर्म हवा ने अधिक शक्तिशाली तूफानों और रिकॉर्ड तोड़ बारिश को जन्म दिया। इस साल पृथ्वी ने अब तक के सबसे गर्म दिन और लगातार 13 महीनों तक गर्म मौसम दर्ज किया। कुछ क्षेत्रों में 150 दिनों से अधिक की अत्यधिक गर्मी देखी गई, खासकर सबसे गरीब और कम विकसित देशों में।

# तनाव के बीच भारत बांग्लादेश को दो लाख टन चावल निर्यात करेगा, पहली खेप चटगांव पोर्ट पहुंची

**ढाका ।** हिंदुओं और मंदिरों पर हो रहे हमले के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत से चावल का आयात शुरू कर दिया है। बांग्लादेश ने भारत के साथ दो लाख टन चावल खरीदने के लिए समझौता किया है। बांग्लादेश के खाद्य विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 27,000 टन की पहली खेप चटगांव पोर्ट पहुंच भी गई है।

अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में उनके देश में चावल की कोई कमी नहीं है। हालांकि, हाल ही में आई भीषण बाढ़ के कारण भविष्य में संकट से बचने के लिए सरकार ने चावल आयात करने का निर्णय लिया है। अंतरिम सरकार दो लाख टन उबले चावल के अलावा, टेंडर के माध्यम से भारत से और एक लाख टन चावल का आयात करेगी। इसके अलावा, अधिकारी ने यह भी बताया कि टेंडर के अलावा सरकारों के स्तर पर भी भारत से और अधिक चावल आयात करने की योजना है। कीमतें



स्थिर रखने के लिए बांग्लादेश ने चावल के आयात से सभी शुल्क हटा दिए हैं। बांग्लादेश निजी स्तर पर शून्य आयात शुल्क के साथ भारत से बड़ी मात्रा में चावल का आयात करता है।

अधिकारी ने बताया कि निजी आयातकों ने बांग्लादेश सरकार से अब तक भारत से 16 लाख टन चावल आयात करने की अनुमति हासिल की है। अधिकारी के मुताबिक, बांग्लादेश ने एक लाख टन चावल के आयात के लिए म्यांमार सरकार से भी समझौता किया है। साथ ही वियतनाम और पाकिस्तान के साथ भी चावल आयात पर बातचीत कर रहा है। बता दें कि छात्रों के आंदोलन के चलते 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार गिर गई थी।

## मॉरीशस सरकार का एलान, आधा झुकाएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**नई दिल्ली ।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह आज पंचतत्व में विलीन हो गए। शनिवार को दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप




धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरीशस के विदेश मंत्री मनीष गोबिन भी पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि देने निगम बोध घाट पहुंचे थे। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में मॉरीशस की सरकार ने 28 दिसंबर को अपना राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रखने का एलान किया है। एक नोट में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम के कार्यालय ने भी प्राइवेट सेक्टर से झंडे को आधे झुकाए रखने का आग्रह किया।

# सूर्य के सबसे करीब, फिर भी सुरक्षित नासा का अंतरिक्ष यान, एक जनवरी से भेजेगा डाटा

**वॉशिंगटन ।** नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का अंतरिक्ष यान पार्कर सोलर प्रोब सूर्य के सबसे नजदीक पहुंच कर भी पूरी तरह सुरक्षित और सामान्य तौर से काम कर रहा है।

नासा ने शुक्रवार बताया कि इस तरह उसका यह यान सूरज के सबसे करीब पहुंचने वाला अब तक का पहला मानव-निर्मित यान बन गया है। यह अंतरिक्ष यान 24 दिसंबर को सौर सतह से महज 61 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरा। यह यान सूरज के बाहरी वातावरण, कोरोना तक गया।

नासा के इस मिशन का मकसद पृथ्वी के सबसे करीबी तारे सूर्य के बारे में अधिक जानकारी इकट्ठा करना है और यान के सूरज के बाहरी वातावरण में पहुंचने से वैज्ञानिकों को सूरज के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।



### दो दिन पहले मिला था यह संकेत

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि मैरीलैंड में जॉन्स हॉपकिन्स एप्लाइड फिजिक्स लैबोरेटरी की टीम को बृहस्पतिवार की आधी रात से कुछ पहले यान से बीकन टोन कहे जाना वाला एक संकेत मिला था

एजेंसी ने आगे कहा कि पार्कर सोलर प्रोब यान 1 जनवरी को अपनी स्थिति और खोजों के विस्तृत डाटा भेजेगा। पार्कर सोलर प्रोब को 2018 में लॉन्च किया गया था। यह शुक्र ग्रह के पास से गुजरते हुए अपनी कक्षा को सूरज के और करीब खींचता जा रहा है। अथाह गर्मी और सुपर रफ्तार से पहुंचा सूरज के पास नासा की वेबसाइट के मुताबिक, यह यान 692,000 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ रहा था और 982 डिग्री सेल्सियस तक की गर्मी झेल रहा था।

नासा ने समझाया कि सूरज के इतने करीब जाकर, यह यान यह मापने में मदद करता है कि कोरोना का पदार्थ लाखों डिग्री तक कैसे गर्म हो जाता है, सौर पवन (सूरज से निकलने वाले कणों की धारा) की उत्पत्ति कहां होती है, और कुछ कण प्रकाश की गति के करीब कैसे तेज हो जाते हैं।

# महानगर कांग्रेस कमेटी ने की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा शनिवार को महानगर कांग्रेस कमेटी पर हुई जिसमें महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि मनमोहन सिंह मनरेगा जैसी और आरटीआई जैसी योजना देश में लेकर आए और ऐसी महान व्यक्तित्व का देश से जाना यह अपूरणीय छाती है।

श्रद्धांजलि सभा में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सोनल नगर में भी श्रद्धांजलि अर्पित की और मनमोहन सिंह की जाने पर दुख प्रकट किया। नरेंद्र चौहान, त्रिलोक सिंह, विजयपाल चौधरी, बलराज सिंह चावड़ा, हिमा मिर्जा, गौरव कौशिक, अमित भारद्वाज, राजेंद्र ढिल्लों, विक्रांत चौधरी, कासिम भाई, हरीश गोयल, महकर सिंह पाल, लक्ष्मण जाटव, बाबूराम शर्मा, इस्माइल खान, शेखर शर्मा, राकेश वाली, अमित शर्मा, जगतार सिंह भट्टी, योगेश शर्मा, पवन शर्मा, हाजी खुर्शीद आदि लोग उपस्थित थे।

# साहिबाबाद अंडरपास में भरा पानी, वाहन चालक हुए परेशान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बारिश की वजह से साहिबाबाद अंडरपास में पानी भर गया। इस वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। पानी की निकासी के लिए विभाग की ओर से इंतजाम नहीं होने के कारण लोगों को कई फीट तक भरे पानी से होकर निकलना पड़ा।

रेलवे स्टेशन के आउटर पर जीटी रोड और औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 को जोड़ने के लिए रेलवे व जीडीए की ओर से कई करोड़ की लागत से रेलवे अंडरपास बनाया गया था। शुक्रवार को बारिश होते ही अंडरपास की खामियां उजागर हो गईं। अंडरपास में कई-कई फीट तक पानी भर गया। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी हुई। दुर्गा कलोनी में रहने वाले राहुल परिहार ने बताया कि पानी अधिक होने के कारण उनकी स्कूटी खराब हो गई थी। धक्का देकर बाइक को पानी से निकालना पड़ा। अंडरपास के भीतर बनाए गए हौज में पानी जमा होना शुरू हुआ। शनिवार को भी जलभराव से कई रहात नही मिली। स्थानीय लोगों ने बताया कि विभाग अंडरपास के निर्माण के समय जेनरेटर लगाकर बारिश के पानी की निकासी का दावा किया गया था, लेकिन जलभराव होने के बाद भी यहां जनरेटर नहीं चलाया गया। लोगों को कहना है कि अंडरपास थोड़ी सी बारिश होने पर ही जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि या विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते जिससे आने-जाने वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि घंटो जाम में फंस जाते हैं। कहीं वाहन चालक पानी में बंद होने के कारण क्रेन से निकल जाते हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का किया गया वर्णन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्यायखंड -2 में पर्वतीय प्रवासी जन कल्याण समिति के तत्वावधान में हो रहे श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास भगवती प्रसाद कुकरेती ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते



है। रविवार को हवन, कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ कथा सम्पन्न हो जाएगा। समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह रावत ने कहा जनमानस के लोक कल्याण एबं सुख समृद्धि विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर आशीष, मोहन नेगी, चम्पा मनराल, अनीता लोहानी, रजनी इष्टवाल, शारदा ध्यानी, मंजू मैखुरी, राधा रावत, रणबीर, मेहरबान सिंह रावत, देवेश्वर रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# गेहूं के खेत में मिला शिवलिंग

## ग्रामीणों ने बताया चमत्कारी पिंडी फसल कटने के बाद बनेगा मंदिर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मसूरी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर में शनिवार सुबह करण सिंह पुत्र कालू राम बिधूड़ी के खेत की कुछ जमीन धंस गई। पशुओं के लिए चारा लेने गये करण सिंह ने अपने खेत में देखा तो उसे गड्ढे में शिवलिंग दिखाई दिया, जिसे देखकर किसान ने अपने परिजनों को सूचना दी। परिजन शिवलिंग को चमत्कारिक शिवजी की पिंडी कह रहे हैं। खेत में शिवलिंग निकलने की खबर मिलने पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। आसपास के गांव के लोग भी मौके पर पहुंच रहे हैं। किसान करण सिंह ने बताया कि अभी शिवजी की पिंडी को गांव के मंदिर में स्थापित कर दिया गया है। गेंहू की फसल कटने के बाद वहां पर मंदिर बनवाकर शिवलिंग को स्थापित करेंगे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुबारकपुर में किसान करण सिंह के खेत में शिवलिंग निकलने की सूचना मिली है। पुलिस मौके पर गई वहां सब सामान्य है।

# भागवत चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली आज हिंदू महासभा करेगी आंदोलन




**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** बीते दिनों विजयनगर थानाक्षेत्र में एक भागवत कथा के पंडाल से गीता चोरी होने का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की लेकिन अबतक पुलिस के हाथ खाली हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ की है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खगाली है, लेकिन गीता किसने चुराई और उसे कोन कहां ले गया, इस बात का सुराग नहीं लग पाया है। इस बात को लेकर हिंदू संगठनों में नाराजगी है। जिसको लेकर रविवार 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे से प्रताप विहार रामलीला मैदान में हिंदू महासभा की ओर से श्रीमद् भागवत महापुराण व्यास पीठ से चोरी होने के विरोध में संत और हिंदू संगठन के लोग एकत्रित हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि इस मामले में पुलिस के अधिकारियों पर कार्रवाई का दबाव बन रहा है। तो चर्चा है कि कहीं इस मामले में पुलिस आननफानन में कोई खुलासा न कर दे। बता दें कि इस मामले को लेकर पुलिस पर लगातार कार्रवाई करने का दबाव भी बन रहा है। तो वहीं शुरू से ही इस मामले को लेकर स्थानीय लोग और हिंदू संगठन उग्र व नाराजगी वाले मूड में रहे हैं।

# एयर पिस्टल इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट विनर को 2025 वर्ल्ड कप जीतने के लिए मिले हौसले के पंख





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के गढ़ी गुलधर गांव में साधारण परिवार में रहकर पूरे विश्व पटल पर भारतवर्ष का नाम 10 मीटर एयर पिस्टल में रोशन करने वाली देश की बेटी अंजली चौधरी सुपुत्री प्रदीप चौधरी ने 2022 से लगातार नेशनल और इंटरनेशनल विनर बनकर मेडल हासिल करने का काम किया है। देश का नाम रोशन किया है। अंजली चौधरी ने संघर्ष के साथ इन मुकामों को हासिल किया है उसका शुरू से ही सोचना रहा है कि मैं अकादमी की पिस्टल से अपने लक्ष्य को जितनी कठिनाई से पूरा कर पा रही हूं। निश्चित रूप से अगर मेरी स्वयं की पिस्टल होती तो मैं अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत का नाम समय से पहले रोशन करने का काम करती । अंजलि के मन की पीड़ा को समझते हुए उसके लक्ष्य को पूरा करने में उसकी मदद के लिए गाजियाबाद के पूर्व महापौर अशु वर्मा ने पहल की उनके चिंतन से आज देश की होनहार बेटी अंजली चौधरी का सपना तब पूरा हुआ जब अशु वर्मा ने मदद के बढ़ते हाथों में समाजसेवी सचिन डागर, अवधेश चौधरी, हिमांशु चौधरी, कुशाल चौधरी, प्रदीप चौधरी, मनबीर चौधरी का हाथ जोड़ते हुए अंजली चौधरी के हाथों में नई एयर पिस्टल की राशि आशीर्वाद स्वरुप सौंप डाली। यह सब देखकर अंजलि भावुक हो गई और उसने कहा कि मैं समाज का और देश का नाम गौरवान्वित करने में विश्व ओलंपिक चैंपियनशिप में देश के लिए पदक लाकर दूंगी आप सभी ने मेरे हौसलों की उड़ान को पंख देने का काम किया है। अंजली चौधरी किसान परिवार में जन्मी बेटी है इनके पिता प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं इसका एक छोटा भाई है मम्मी पापा हैं। छोटा भाई निखिल चौधरी भी नेशनल जूनियर एयर पिस्टल का नेशनल खिलाड़ी है।

अंजलि के खेल का यह सफर वैसे तो लगभग 4 साल पहले शुरू हुआ जब वह मात्र 17 साल की थी । उसने अपने हुनर के चलते सबसे पहले अवार्ड 2022 में नेशनल अवार्ड के रूप में तीनों अवार्ड प्राप्त किए जिनमें गोल्ड सिल्वर और ब्रॉन्ज तीनों ही अवार्ड अपने नाम कराए। आगे के क्रम में दूसरा नेशनल अवार्ड 2023 में सिल्वर अवार्ड प्राप्त किया तथा 2023 में ही कोरिया जाकर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में भारत का प्रदर्शन करते हुए ब्रोंज मेडल हासिल किया। अंजलि के प्रतिभा प्रदर्शन का सिलसिला आगे भी जारी रहा और उसने देश के नाम एक और उपलब्धि हासिल करते हुए साउथ अमेरिका के लीमा पेरू में विश्व चैंपियनशिप में भागीदारी कर अक्टूबर 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता । अब उसके जूनियर वर्ग का पड़ाव लगभग पूरा हो चुका था अब भविष्य में उसे सीनियर वर्ग में खेलने की तैयारी में जुट जाने की चिंता भी है और जज्बा भी है। वह लगातार अपने अभ्यास को पूरा करने में जुटी हुई है निश्चित रूप से अब वह 2025 के ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन के साथ विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन करेगी।

# राणा प्रताप हा. सै. स्कूल में नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राणा प्रताप हायर सैकण्ड्री स्कूल, लोहिया नगर गाजियाबाद में शनिवार को डा० मेघा रूस्तगी (पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट) एवं उनकी टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, पाचन तंत्र सम्बंधी समस्याओं जैसे कब्ज, पेट दर्द, वजन न बढ़ना, सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी सभी बीमारियों की जांच की गई। शिविर में विद्यालय के लगभग 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभिभावकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर से बच्चों और परिवारो को स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं की पहचान और समाधान में मद्द मिलती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० पूनम शिशौदिया जी ने कहा कि हमारे विद्यालय में इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एक अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होने डा० मेघा रूस्तगी एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में सहायक होते है। अतः भविष्य में इस प्रकार के और कार्यक्रम आयोजित करने की आशा करती हूँ। इस शिविर को सफल बनाने में सभी शिक्षको का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं: महंत राहुल गोपाल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम शक्तिखंड-1 गुलाब वाटिका में चल रही है। श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बृहस्पतिवार को कथा व्यास ने महंत राहुल गोपाल महाराज ने भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता।

इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है, और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। आयोजक धीरज शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करना सौभाग्य की बात है। जहां भी कथा होती है वहां जाता हूं। भागवत कथा क्या सही है और क्या गलत है यह बताती है। प्रयास सक्सेना ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनना अच्छा लगता है। जहां भी कथा सुनने का मौका मिलता है वहां पहुंच जाती हूं। भागवत जीवन को कैसे जीया जाए यह बतलाती है।

# मोदीनगर में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक दिवसीय उन्मुखीकरण ब्लॉक संसाधन केंद्र भोजपुर पर आयोजित किया गया। ब्लॉक भोजपुर के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों, पार्षद और एसएमसी अध्यक्षो के कार्यक्रम का भोजपुर के खंड शिक्षा अधिकारी इशक लाल की ओर से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। डीबीटी के माध्यम से धनराशि का सीधे अभिभावकों के खाते में प्रेषित किया जाना, निपुण भारत मिशन, एस एमसी, बालिका शिक्षा, शारदा ऑपरेशन कायाकल्प आदि विषयों पर ग्राम प्रधानों, पार्षदों को जानकारी ब्लॉक के एआरपी अनुराधा मित्तल, संजय शर्मा व राजपाल यादव की ओर से जानकारी देकर उन्मुख किया गया। इसके बाद कंपोजिट विद्यालय खंजरपुर व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की ओर से सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और योगा की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से पुरस्कार दिया गया इस कार्यक्रम में वंदना शर्मा, इन्दु, पवन तिवारी, सनी आदि का सहयोग सरानीय रहा।

# भारत विकास परिषद संकल्प शाखा ने स्कूल में नि :शुल्क सेनेटरी पैड वितरित किया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम भारत विकास परिषद संकल्प शाखा की ओर से शनिवार को बालिका इंटर कॉलेज मकनपुर स्कूल में माहवारी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था की ओर से जया श्रीवास्तव, आरव, सुकेत, प्रगति, अनन्या, कृष, कियान, सलेक त्यागी, स्कूल की प्रिंसिपल अनीता वशिष्ठ ने छत्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किया गया। कार्यक्रम में 107 छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य और प्रतियोगिता के द्वारा हाइजीन की महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। और उन्हें सैनिटरी पैड वितरित किया गया।

### स्वच्छ रखकर गंभीर बीमारियों से रहे दूर: सलेक त्यागी



सलेक त्यागी ने आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मासिक धर्म में स्वयं को स्वच्छ रखकर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। सभी महिलाओं का इसका प्रयोग करना चाहिए। गंदा पकड़ा आदि के प्रयोग से संक्रमण होने का डर बना रहता है। स्कूल में निशुल्क सेनेटरी पेड वितरण किए गए।

# वार्ड 34 को गड्ढामुक्त बनाना मेरी प्राथमिकता : खुर्शीदा कल्लन बेगम







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को शहीद नगर वार्ड नंबर 34 जी ब्लॉक चुना भट्टी रोड मुख्य का निर्माण कार्य पार्षद खुर्शीदा कल्लन बेगम द्वारा 14 लाख की लागत से आरसीसी सीमेंटेड रोड का कार्य कराया जा रहा है।

इस मौके पर क्षेत्र की जनता ने पार्षद का अभिवादन किया, उन्होंने कहा क्षेत्र का पार्षद सदैव जनता के साथ रहता है। इस मौके पर पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान व विकास कार्य करवाने के लिए काम कर रहे हैं। उनका तो वार्ड में विकास के नए आयाम स्थापित करने और वार्ड वासियों को नई-नई सहूलियत उपलब्ध करवाना ही एकमात्र लक्ष्य है।

लोगों के सहयोग एवं उनकी डिमांड के हिसाब से वार्ड में विकास कार्य करवाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह केवल यही चाहते हैं कि उनके वार्ड के लोगों को किसी तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पडे। वार्ड में विकास कार्य लगातार हो रहे हैं, मेरी प्राथमिकता यही है कि वार्ड को गड्ढा मुक्त बनाना ओर जनता को समस्या नही हो।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Pooja Chadha
AI info · 13h

मुझे इतनी "फुर्सत" कहाँ कि मैं तकदीर का लिखा देखुँ.,बस अपनी बेटी की "मुस्कुराहट" देखकर समझ जाती हुँ की "मेरी तकदीर" बुलँद है।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक मां की खुशी उसकी मुस्कान की वजह उसकी प्यारी बिटिया होती है। पूजा चड्ढा ने अपनी नन्हीं परी की मुस्कान से ही अपनी बुलंद तकदीर का संदेश दिया। अपनी बिटिया के लिए अपने दिल के जज्बात को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।